

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 36 ग्वालियर, शुक्रवार 04 नवम्बर 2022 पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


### सीवीसी अधिकारियों से पीएम मोदी की अपील

## भ्रष्टाचार का पूरी मजबूती से सामना करे



### भ्रष्टाचारियों से कतई डरने की जरुरत नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार से सख्ती से निपटने की बात कही है। पीएम मोदी ने कहा कि वह पिछले 8 वर्षों से आभार और दबाव वाली व्यवस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सीवीसी के अधिकारियों से कहा कि उन्हें इसतरह के मसलों पर बचाव की मुद्रा में आने की कोई जरूरत नहीं है। वह भ्रष्टाचार का पूरी मजबूती और ईमानदारी के साथ सामना करें। इस कार्यक्रम में छात्रों को भी आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करने वाले सीवीसी और बाकी संगठनों को रक्षात्मक होने की जरुरत नहीं है। मैं लंबे अरसे से इस व्यवस्था से निकला हूं। मुझे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख के रूप में काम करने का मौका मिला। मैंने बहुत गालियां सुनी हैं, बहुत आरोप लगे हैं। मेरे लिए कुछ भी नहीं बचा है। इसकारण भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे सभी संगठनों को डरा के काम करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि वह पिछले 8 वर्षों से आभार और दबाव वाली व्यवस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार डिमांड और सप्लाई के गैप को भरने की कोशिश कर रही है। इसके लिए 3 रास्ते चुने हैं, एक आधुनिक तकनीक का रास्ता, दूसरा मूल सुविधाओं के सैचुरेशन का लक्ष्य और तीसरा आत्मनिर्भरता का रास्ता। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी योजना के हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचना सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। ऐसा होने से समाज में भेदभाव भी समाप्त होगा। साथ ही भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी खत्म होगी। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार द्वारा हर योजना में सैचुरेशन के सिद्धांत को अपनाया गया है। हर घर जल, हर गरीब को पक्का मकान, गरीब को बिजली कनेक्शन, हर गरीब को गैस कनेक्शन जैसी योजनाएं इसी दृष्टिकोण को दिखाती हैं। आज हम डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता के लिए जोर लगा रहे हैं। इससे घोटाले की आशंका भी समाप्त हो गई है। राइफल से लेकर फाइटर जेट्स और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट तक भारत खुद बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'सरदार साहब का पूरा जीवन ईमानदारी, पारदर्शिता और इससे प्रेरित लोकसेवा के निर्माण के लिए समर्पित रहा। आजादी के इस अमृत काल में हमें दशकों से चली आ रही परिपाटी को पूरी तरह बदल देना है। 15 अगस्त को लाल किले से भी मैंने कहा कि बीते 8 वर्षों की श्रम साधना के बाद अब भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है।

### महाराष्ट्र के लिए केंद्र सरकार की 2 लाख करोड़ की योजना, पीएम मोदी ने की घोषणा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में महाराष्ट्र के युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होंगे. उन्होंने कहा, ' केंद्र सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी खर्च कर रही है. इससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होने जा रहे हैं.' पीएम मोदी ने कहा, 'स्टार्टअप, लघु उद्योगों को सरकार हर संभव मदद दे रही है. इससे बड़ी तादाद में युवाओं को अपना स्किल दिखाने का मौका मिलेगा. सरकार की कोशिशों के तहत रोजगार के ये अवसर दलित, आदिवासी और महिलाओं को समान रूप से उपलब्ध होंगे.' उन्होंने कहा कि रोजगार की समस्या को कुछ हद तक दूर करने की कोशिश की जा रही है. महाराष्ट्र में 2 लाख करोड़ रुपए के 225 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए गए हैं. दरअसल मुंबई में रोजगार मेला आयोजित किया गया. इस मेले में दो हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए. इसी मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने विचार प्रकट किये. मुंबई के यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय रोजगार मेला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा,' आज देश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी और अन्य क्षेत्रों में सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है. इस वजह से रोजगार के कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं. महाराष्ट्र में 2 लाख करोड़ से ज्यादाके 225 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए गए हैं. इन प्रोजेक्ट्स पर काम या तो शुरू हैं या जल्दी ही शुरू होने वाले हैं. महाराष्ट्र में रेलवे के लिए 75 हजार करोड़ और सड़क विकास के लिए 50 हजार करोड़ की निधि दी गई है.' पीएम मोदी ने यह भी कहा, 'पिछले आठ सालों में 8 करोड़ महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ी गई हैं।

### दिल्ली प्रदूषण पर वरुण गांधी का टवीट अपनों को ही जहर देना बंद करिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इनदिनों प्रदूषण का मामला छाया हुआ है। प्रदूषण के कारण दिल्ली में लोगों का घर से बाहर निकलना दुभार हो गया है। सुबह-सुबह चारों तरफ धुआं छाया रहता है। प्रदूषण के मुद्दे को लेकर बीजेपी



लगातार दिल्ली सरकार पर हमलावर दिख रही है। बीजेपी के नेता मुख्यमंत्री केजरीवाल को घेर रहे हैं। इस बीच भाजपा सांसद वरुण गांधी ने भी दिल्ली में प्रदूषण को लेकर ट्वीट किया है। गुरुवार को लगातार दो ट्वीट कर वरुण ने प्रदूषण पर सवाल उठाए हैं। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर उन्होंने सरकारी संस्थाओं के समन्वय पर भी सवाल खड़े किए हैं। वरुण गांधी ने पहला ट्वीट कर लिखा कि 'दिल्ली-एनसीआर धुआं-धुआं है, हर उस परिवार में लोग खांसी, जुकाम से जूझ रहे हैं, जिसे मैं जानता हूं। दिल्ली के अस्पताल फेफड़ों के मरीजों से भरे पड़े हैं। उन्होंने इसी ट्वीट में लिखा कि इस विकराल समस्या के निदान के प्रति न सरकार गंभीर है न जनता। कहीं पराली, कहीं पटाखे, अपनों को ही जहर देना बंद करिए। वरुण गांधी ने इसके बाद अपने दूसरे ट्वीट में सरकारी संस्थाओं पर सवाल उठाया है। वरुण गांधी ने ट्वीट में लिखा कि 'दिल्ली-एनसीआर में 10 में से 8 बच्चों को सांस की समस्या है। उन्होंने सरकारी संस्थाओं से सवाल किया कि वर्षों की चर्चा के बाद, कई सरकारी संस्थाओं के बीच चिंता/समन्वय की कमी क्यों है। वरुण ने हैरानी जाहिर की, कि क्या समस्या को हल करने की लागत 4 करोड़ 60 लाख लोगों के लिए जीवन भर बीमारी के इलाज में आने वाले खर्च से अधिक है।

गौरतलब है कि इनदिनों दिल्ली प्रदूषण से ग्रस्त है। जहरीली हवा में लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। दिल्ली के प्रदूषण को लेकर आप और बीजेपी दोनों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे है। हर साल पैदा होने वाले इस संकट के लिए दोनों पार्टियां एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। आम आदमी पार्टी, दिल्ली और पंजाब में सत्ता में है। पंजाब में पराली जलाने के मामले बढ़े हैं, इसकारण बीजेपी ने आप पर हमला बोला है कि पराली के निस्तारण को लेकर आप ने क्या किया।

### • वन-टू-वन

### पूर्व पीएम इमरान पर हमला पैर में लगी चोट, 4 लोग हुए घायल

**इस्लामाबाद।** पूर्व पाकिस्तान इमरान खान की सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी का कहना है कि पूर्व पीएम पर यह कातिलाना हमला है। उनकी जान लेने के मकसद से हमला किया गया था। लाहौर से इस्लामाबाद तक के लिए इमरान खान मार्च निकाल रहे हैं, तभी वजीराबाद कस्बे के पास उन पर अटैक हुआ था। हमले में 4 लोग घायल हुए हैं और इमरान खान के भी दाएं पैर में चोट लगी है। हमले के बाद इमरान को आनन-फानन में बुलेट प्रूफ कार के द्वारा अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच इमरान ने जख्मी हालत में भी तल्ख तेवर दिखकर कहा हम अपना लॉन्ग मार्च खत्म नहीं करने वाले हैं। इमरान ने कहा कि मैं अस्पताल से लौटकर फिर से अपना मार्च शुरू करूंगा। वहीं इमरान के समर्थक भी हमले को लेकर उग्र हो गए हैं। इमरान की पार्टी पीटीआई के नेताओं का कहना है कि शहबाज शरीफ सरकार की हिम्मत नहीं है कि वह हमारे मार्च को इस्लामाबाद जाने से रोक सके। फवाद चौधरी का कहना है कि एक शख्स ने एके-47 राइफल से यह हमला किया है।

## लाल किले पर हमले के आरोपी आरिफ की मौत की सजा बरकरार



**नई दिल्ली।** साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के मामले में दोषी मोहम्मद अशफाक आरिफ को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की मौत की सजा को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई में सुनवाई कर रही बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आरिफ को 22 दिसंबर 2000 में लाल किले में सेना के बैरक पर हमले का दोषी पाया गया था। हमले के मास्टरमाइंड आरिफ को साल 2005 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, साल 2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने मौत की सजा की पुष्टि कर दी थी। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी दोषी की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। दिसंबर 2000 को हुए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। घटना के चार दिनों के बाद आरिफ को पत्नी रेहमाना यूसुफ फारूकी के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### ईडी को सीएम सोरेन की खुली चुनौती तुम आओ अरेस्ट करके दिखाओ

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति एकजुटता दिखकर जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने रांची में मार्च निकाला। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवैध खनन मामले में



पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है। अपने आवास के बाहर जमा हुए अपने समर्थकों को संबोधित कर सोरेन ने कहा कि वतर्मान की गठबंधन की सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र सरकार बनने के बाद से शुरू हुआ था। कई बार हमारे विरोधियों ने अपनी चाल को अंजाम देने का काम किया और हर बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी है। सीएम सोरेन ने जांच एजेंसी को चुनौती देकर कहा कि तुम आओ अरेस्ट करके दिखाओ। सोरेन ने कहा कि अगर हमने गुनाह किया तो सीधा गिरफ़्तार करो... इन्होंने ईडी, भाजपा के कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाई है। झारखंडियों से डर लगता है? अभी हमने कुछ किया भी नहीं, जब झारखंडी अपनी चीज़ों पर आ गए, तब वह दिन दूर नहीं की आपको सीर छुपाने की भी जगह नहीं मिलेगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय के सामने पेश नहीं हुए।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से हाइब्रिड फसल की खेती को पूरी तरह से मंजूरी देने से रुकने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की बायोटेक नियामक जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी जेनेटिकली मॉडिफाइड सरसों की कारोबारी खेती को मंजूरी दे चुकी है। इस मंजूरी को लेकर कई किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कमेटी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत 2012 में स्थापित टेक कमेटी ने विशेष रूप से जीएम फसलों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। इस तरह की फसलें जैव सुरक्षा और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पर्यावरण मंत्रालय के बायोटेक नियामक जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी ने अक्टूबर में जीएम सरसों की फसल को मंजूरी दे दी है। इससे देश की जैव विविधता को गंभीर नुकसान हो सकता है। वहीं केंद्र ने एडिशनल सॉलीसिटर जनरल के द्वारा सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वहां मंजूरी और प्रक्रिया से %संबंधित दस्तावेज% कोर्ट के सामने प्रस्तुत करेगी। जज दिनेश माहेश्वरी और सुधांशु धूलिया की अदालत ने केंद्र से हाइब्रिड फसल की खेती को पूरी तरह से मंजूरी देने से फिलहाल रुकने को कहा है।



मामले पर अब सुप्रीम कोर्ट 10 नवंबर को सुनवाई करेगा। जीएम मस्टर्ड को भारतीय किस्म वरुणा की क्रॉसिंग पूर्वी यूरोप की किस्म अर्ली हीराङ्क2 से करा कर तैयार किया गया है। दावा किया गया है कि डीएमएस-11 की उपज वरुणा से 28 प्रतिशत ज्यादा होगी। सरकार के अनुसार इससे खाद्यान तेलों के निर्यात में भी तेजी से इजाफा होगा।

वहीं कई किसान संगठनों का कहना है कि जीएम सरसों के सेवन से स्वास्थ्य पर बुरा असर होगा। इसके अलावा शहद उत्पादन का व्यवसाय पूरी तरह से ठप होगा। मधुमक्खी पालन से जुड़े किसान बड़ी संख्या में बेरोजगार होने वाले है। दावा ये भी किया जा रहा है कि शहद के निर्यात में बहुत बड़ी गिरावट आ सकती है। दरअसल, चिकित्सकीय गुणों की वजह जीएम मुक्त सरसों के शहद की मांग विदेशों में ज्यादा है।


## प्रथम पुण्य स्मरण

शत शत नमन।



साकेत गमन 4.11. 2021 साकेत वाहिनी। स्वर्गीय श्री रामकली जोशी ( स्मृतिरत पुत्रगढ़ ) दशरथ जोशी , शिव मोहन जोशी ,सतीश जोशी मनोज जोशी, आर.के जोशी( अधिवक्ता ) उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर।

**स्मृतिरत नाती**

आशीष जोशी, हिमांशु जोशी ,दीपक जोशी, अनिकेत जोशी, राजा जोशी ,आदेश जोशी ,प्रिंस जोशी प्रतिष्ठान- लाल बत्ती सरकार फाउंडेशन भिंड 2. एलबीएस इंडस्ट्रीज इटावा रोड भिंड 3. स्काईलाइन रिजॉर्ट बदरवास जिला शिवपुरी 4.शिव ट्रेडर्स जोशी नगर इटावा रोड भिंड 5. सतीश जोशी ट्रेडर्स इटावा उत्तर प्रदेश

न्यूज़ ट्रैक....

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे फखर

**सिडनी ।** पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज फखर जमान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप सुपर 12 ग्रुप 2 के मुकाबले में नहीं खेलेगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक घुटने की चोट के कारण फखर इस टूर्नामेंट में और आगे शायद ही खेल पायें। पाकिस्तान टीम के डॉक्टर और पीसीबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नजीब सूमरो ने कहा कि खिलाड़ी और प्रबंधन उन्हें विश्व कप टीम में शामिल करने के खतरों को जानते हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि लगभग 7 सप्ताह पहले एशिया कप में फखर के घुटने में चोट लगी थी। उसने इसके बाद टीम में वापस आने के लिए कड़ी मेहनत की थी, उसका व्यापक पुनर्वास हुआ था और जिसके बाद उसने वापसी की। वहींपीसीबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा, जाहिर है कि किसी के भी घुटने की चोट 100 प्रतिशत ठीक होने में समय लगता है। फखर और टीम ने टूर्नामेंट में आने वाले जोखिमों को समझा और हमने उसे टूर्नामेंट में शामिल किया। आपने देखा कि उसने पिछले मैच में कैसा प्रदर्शन किया था। दुर्भाग्य से उन्हें थोड़ा सा ट्विस्ट आया जिससे उनकी चोट और बढ़ गई। हमने उसका स्कैन कराया है जिसमें कोई नई चोट नहीं आई है। हालांकि वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं है।

## केरल में 25 से होगी ट्रैक एशिया कप साइकिलिंग

तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। ट्रैक एशिया कप 2022 का आयोजन केरल में होगा। साइकिलिंग के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक ट्रैक एशिया कप एलएनसीपीई आउटडोर वेलोड्रोम में 25 से 28 नवंबर तक रख गया है। इस प्रतियोगिता में एशिया के 25 से अधिक देशों के लगभग 200 प्रतिस्पर्धी भाग लेंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर हो रहा है। ट्रैक एशिया कप साइकिलिंग 2022 को एशियाई साइकिलिंग परिसंघ और भारतीय साइकिलिंग महासंघ से मान्यता मिली है। इस टूर्नामेंट का आयोजन एलएनसीपीई के 333.333 मीटर के कंक्रीट वेलोड्रोम में किया जाएगा। केरल साइकिलिंग संघ ने कहा, तेज गर्मी के कारण मुकाबलों का आयोजन दूधिया रोशनी में कराने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रैक एशिया कप 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए एशियाई देशों का चयन टूर्नामेंट भी है। चीन, जापान, कोरिया, कजाखस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

## शुभमन की नजरें न्यूजीलैंड दौरे पर लगीं

**कोलकाता ।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अब न्यूजीलैंड दौरे में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। शुभमन को हाल में घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के कारण एक बार फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने का अवसर मिला है। शुभमन अब इस सीरीज में अपनी क्षमताएं दिखाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद उत्साहित शुभमन ने पंजाब की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ पहला शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया है। शुभमन ने इस मैच में 55 गेंद में 126 रन की अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के बाद कहा, 'यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, खासकर जब यह ईडन में आया है।उन्होंने कहा, 'खास तौर पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर जब आप पिच पर समय बिताते हैं और रन बनाते हैं तो इससे काफी मनोबल बढ़त है।

# भारतीय टीम ने वर्षा बाधित रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को पांच रनों से हराया

**एडिलेड ।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप सुपर-12 के वर्षा बाधित रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को डकवर्थ लुइस नियम के तहत पांच रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें और मजबूत हो गयी हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लोकेश राहुल के 50 और विराट कोहली के 64 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 184 रन बनाये। इस प्रकार बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम ने अच्छी शुरुआत की पर बीच में बारिश होने से उसे जीत के लिए संशोधित लक्ष्य के तौर पर 16 ओवरों में 151 रनों को बनाने की चुनौती मिली जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 6 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। इस प्रकार भारतीय टीम ने यह मैच पांच रन से जीत लिया।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी रही। लिटन दास ने तेजी से खेलते हुए 60 रन बनाये पर उनके रन आउट होते ही पारी बिखरने लगी। लिटन के आउट होने के बाद मोहम्मद शमी ने नजमुल हुसैन शान्तो को पेवेलियन भेज दिया। नजमुल ने 21 रन बनाए।



बीच में आयी बारिश से हालात बदल गये। बारिश के बाद मैच फिर शुरु हुआ तो अर्शदीप ने अफिफ हुसैन को 3 रन के स्कोर पर पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद अर्शदीप ने इसी ओवर में शाकिब अल हसल को आउट कर बड़ी सफलता हासिल की। शाकिब 13 रन ही बना पाये। हार्दिक पांड्या ने 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर यासिर अली को 1 रन पर ही आउट कर दिया। इसके बाद हार्दिक ने इसी ओवर में मोसादेक हुसैन को 6 रनों पर ही आउट कर दिया। नुरुल हसन 25 और तस्कीन अहमद 12 ने एक बार फिर साझेदारी कर टीम को जीत दिलाने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हो पाये। टीम को करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीत भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर ही पेवेलियन लौट गये। रोहित ने 8 गेंदों में मात्र 2 रन ही बनाए। इसके बाद राहुल ने दूसरे विकेट के लिए विराट के साथ 67 रन बनाकर पारी संभाली। 10वें ओवर की दूसरी गेंद पर राहुल ने अपना विकेट खो दिया हालांकि इससे पहले उन्होंने 32 गेंदों पर 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। राहुल शाकिब की गेंद पर मुस्तफिजुर के हाथों कैच आउट हुए।

सूर्यकुमार यादव ने तेजी से खेलते हुए 15 गेंदों पर 30 रन की आक्रामक पारी खेली। हार्दिक पांड्या 6 गेंदों पर 5 रन ही बना पाये। दिनेश कार्तिक इस बार भी नाकाम रहे। कार्तिक 17वें ओवर की अंतिम गेंद पर 7 रन बनाकर रन आउट हुए। अक्षर पटेल भी केवल 7 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। विराट 44 गेंदों पर 64 और अश्विन 6 गेंदों पर 13 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी ओर बांग्लादेश के गेंदबाज हसन महमूद ने तीन विकेट लिए।

## राहुल आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : स्वान




**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीन स्वान के अनुसार भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल अब लय में आ गये हैं और टी20 विश्व कप के आने वाले मुकबलों में वह आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। राहुल शुरुआती मुकाबलों में असफल रहने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ रन बनाने में सफल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप में अब तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में हराया। इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। दक्षिण साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत को हार का सामना करना पड़ा था हालांकि इन तीनों ही मुकाबले में राहुल असफल रहे। इसके बाद भी टीम ने उन्हें बनाये रखा है। कोच ने उनपर भरोसा बनाए रखा है। स्वान ने कहा है कि राहुल बहुत ही शानदार बल्लेबाज हैं और भारत के लिए टी20 विश्व कप फाइनल में सुपर स्टार साबित हो सकते हैं। अब तक खेले तीन मैच में उन्होंने पाक खिलाफ 4 रन, नीदरलैंड और दक्षिणा अफ्रीका के खिलाफ 9-9 रन बनाए थे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 32 गेंद पर 50 रन की पारी खेल फॉर्म में वापसी के सूबत दिए। स्वान ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में कोई भी चीज है जो राहुल को रोक रही है। मुझे लगता है कि वो बस फॉर्म में नहीं हैं इस वक्त. ऐसा लग रहा था कि वो शायद फॉर्म में वापस लौटे हैं, उन्होंने एक जोरदार छक्का जमाया था और फिर इसके बाद वो आउट हो गए। इसी वजह से मुझे ऐसा लगता है कि वो एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो इस वक्त गेंद को देरी से खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल को फ्रंट फुट पर ज्यादा से ज्यादा आकर शॉट लगाना चाहिए, गेंद को मारने की कोशिश करें और ज्यादा से ज्यादा उसे देखें।

## सेमीफाइनल में पहुंचने ऑस्ट्रेलिया के लिए अफगानिस्तान को हराना जरुरी

**ब्रिसबेन ।** मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अब तक टी20 विश्व कप अच्छा नहीं रहा है। खिलाड़ियों की चोटों से वह जूझती रही है। अब शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले कप्तान एरॉन फिंच सहित तीन प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से ऑस्ट्रेलियाई खेमे में चिन्ता बढ़ गयी है क्योंकि सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को शुक्रवार को हार हाल में अफगानिस्तान को हराना होगा। टीम इसलिए भी परेशान है क्योंकि फिंच के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस भी आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव से पीड़ित हैं। उससे भी टीम की परेशानी बढ़ी है। फिंच का फिटनेस स्टाफ और मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली की मौजूदगी में फिटनेस परीक्षण हुआ है। अगर फिंच मुकाबले से बाहर हो जाते हैं तो विकेटकीपर मैथ्यू वेड अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालेंगे। उस हालत में युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को सलामी बल्लेबाज के रूप में फिंच की जगह शामिल किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया का रन औसत अभी माइनस 0.304 है और वह इंग्लैंड 0.239 और न्यूजीलैंड 2.233 से कम है। तीनों टीम के चार मैच के बाद समान पांच अंक हैं।



लीवरपूल में जिम्नास्टिक विश्व चैम्पयनशिप की पदक विजेता खिलाड़ी एकसाथ नजर आयीं।

व्यापारन्यूज

## ट्विटर के 52 हजार अकाउंट्स पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली ।** ट्विटर ने अपनी मासिक रिपोर्ट में बताय कि देश में 52,141 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कंपनी का कहना है कि इनमें चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज, न्यूडिटी और उससे जुड़ी पोस्ट की जा रही थीं। ये अकाउंट्स 26 अगस्त से 25 सितंबर के बीच बंद किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्विटर ने आतंकवाद का सपोर्ट करने वाले 1982 अकाउंट्स पर भी कार्रवाई की गई है। दूसरी तरफ मेटा ने देश में 26 लाख वॉट्सऐप नंबर बंद कर दिए हैं। कंपनी ने यह फैसला आईटी रूल्स 2021 के तहत उठाया है। ट्विटर की तरफ से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे यूजर्स की ओर से 157 शिकायतें मिली थीं। इनमें ट्विटर अकाउंट सस्पेंशन की मांग हुई थी। कंपनी ने बताया है कि इन सभी को रिसॉल्व कर दिया गया है। इसके अलावा जरूरी रिस्पांस यूजर्स को भेज दिए गए। दूसरी तरफ मेटा ने मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप के लिए सितंबर 2022 की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में भारत में 26 लाख वॉट्सऐप नंबर बंद करने की बात कही गई है। सितंबर में नंबर बंद करने के लिए 666 शिकायतें मिली थीं। कंपनी के मुताबिक इस मैसेजिंग ऐप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर और अधिक जिम्मेदारी के साथ संशोधित किया जा रहा है। देशभर में करीब 500 मिलियन यूजर्स हैं।

## खाने के तेलों की भंडारण सीमा के आदेश से थोक विक्रेताओं को छूट

**नई दिल्ली ।** सरकार ने कीमतों में गिरावट की वजह से खाद्य तेलों एवं तिलहनों के थोक विक्रेताओं और शॉपिंग श्रृंखला खुदरा विक्रेताओं को भंडारण सीमा के आदेश से छूट दे दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने खाद्य तेल एवं तिलहन के विक्रेताओं पर से भंडारण सीमा हटाए जाने के आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से थोक विक्रेताओं एवं शॉपिंग श्रृंखला खुदरा विक्रेताओं को खाद्य तेलों की अधिक किस्में एवं ब्रांड रखने की छूट मिल जाएगी। फिलहाल भंडारण की एक सीमा होने से उनके पास खाद्य तेलों का सीमित स्टॉक ही रहता था। सरकार ने खाद्य तेलों एवं तिलहन की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए पिछले साल आठ अक्टूबर को खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं एवं थोक उपभोक्ताओं पर भंडारण सीमा लगा दी थी। इसमें भंडारण सीमा तय करने का अधिकार राज्यों को दिया गया था।

# फेड के ब्याज दरें बढ़ाने से शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार पर गुरुवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरें बढ़ाने का असर दिखा और निवेशक बिकवाली पर उतर आए। सेंसेक्स में आज लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दिख रही है, जबकि निफ्टी 18 हजार से नीचे जाकर खुला। सेंसेक्स सुबह 394 अंकों की बड़ी गिरावट के साथ 60,512 पर खुला और कारोबार शुरू किया, जबकि निफ्टी 115 अंकों के नुकसान के साथ 17,968 पर खुला और कारोबार शुरू किया। निवेशक रिजर्व बैंक की बैठक से पहले काफी सतर्कता बरत रहे हैं, यही कारण है कि आज बाजार में शुरुआत से ही बिकवाली दिख रही।




हालांकि, बड़ी गिरावट पर खुलने के बाद निवेशकों ने थोड़ा संभलकर बिकवाली की जिसके बाद सेंसेक्स कुछ सुधार के साथ 233 अंक गिरकर 60,672 पर आ गया। निफ्टी भी सुधार के साथ 68 अंकों के नुकसान पर 18,015 के स्तर पर कारोबार करने लगा। निवेशकों ने शुरुआत से ही हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, विप्रो, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और कोल इंडिया जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की। लगातार मुनाफावसूली से इन कंपनियों के शेयर में गिरावट देखी गई। सेक्टरवार देखें तो सिर्फ दो सेक्टर में ही तेजी दिख रही है, बाकी सभी सेक्टर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी रियल्टी और आईटी सेक्टर में देखी गई, जहां एक फीसदी का नुकसान दिख रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 पर भी 0.1 फीसदी की गिरावट दिख रही है।

### एशियाई बाजार में गिरावट

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों में नुकसान पर कारोबार देखा गया है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर सुबह 0.86 फीसदी का नुकसान दिख रहा था जबकि जापान के निक्केई पर कारोबार शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा ताइवान के शेयर बाजार में 1.30 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बाजार 0.97 फीसदी नुकसान के साथ कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञ का कहना है कि आज गिरावट और दबाव के बीच भी कई ऐसे स्टॉक हैं, जो आपको शेयर बाजार में कमाई करा सकते हैं जैसे बॉयोकान, बास्क, एचडीएफसी, टीसीएस और पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया जैसी कंपनियों के शेयर आते हैं।

## बाजार में आया सोना और हीरों से जड़ा आईफोन, कीमत एक करोड़

**मुंबई ।** रूस के लग्जरी ब्रांड कैवियार ने आईफोन 14 प्रो का एक विशेष संस्करण पेश किया है। इसकी कीमत 1.33 लाख डॉलर (करीब 1.1 करोड़ रुपए) है। बाजार में इसके सीमित संख्या में मॉडल उतारे जाएंगे। इसकी खासियत यह है कि इसमें सोना और आठ हीरे जे हुए हैं। जिसमें रोलेक्स डेटोना घड़ी लगाई गई है। कैवियार की ओर से मैल्कम कैंपबेल की ब्लू बर्ड सुपरकार से प्रेरित होकर इस आईफोन को डिजाइन किया गया है। इसी से प्रेरित होकर रोलेक्स डेटोना घड़ियों को भी डिजाइन किया गया था। कैवियार ने इस फोन के केवल तीन मॉडल तैयार किए हैं। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार फोन की बॉडी को 1930 के दशक की रेसिंग कारों के स्टाइल में बनाया गया है। फोन के पिछले हिस्से में लगी रोलेक्स डिटोना घड़ी में अपने आप में खास है। इस घड़ी का डायल और सुईयां सोने की बनी हुई हैं। जबकि, इसमें आठ हीरे भी लगाए गए हैं। आईफोन 14 प्रो के पिछले हिस्से में इसे लगाया गया है। इस विशेष संस्करण के आईफोन में रोलेक्स घड़ी के अलावा तीन और डायल लगाए गए हैं। इसमें एक में स्पीडोमीटर, जबकि दूसरे में ईंधन संकेतक और तीसरे में स्विच लगाया गया है। ये सभी 18 कैरेट सोने के बने हैं। कंपनी का कहना है कि ये तीनों डायल केवल सजावट के उद्देश्यों से लगाए गए हैं।

# सोना 50 हजार, चांदी 700 रुपए सस्ती

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में कमजोरी की वजह से गुरुवार को भारतीय वायदा बाजार में सोने और चांदी के भावों में गिरावट देखी गई। भारतीय वायदा बाजार और अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी एक फीसदी से ज्यादा टूट गई। भारतीय बाजार में गुरुवार को सोने का भाव कमजोरी के साथ खुला है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव शुरुआती कारोबार में 0.57 फीसदी टूट गया है, वहीं चांदी एमसीएक्स पर 1.22 फीसदी कमजोर हुई है। वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 286 रुपए टूटकर 50,320 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव 50,500 रुपए प्रति दस ग्राम पर खुला था। खुलने के बाद एक बार यह 50,280 रुपए तक चला गया। लेकिन थोी देर बाद यह कुछ संभला और 50,320 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को सोने का वायदा भाव 0.26 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी में बी गिरावट आई है। चांदी 716 रुपए गिरकर 58,074 रुपए पर आ गई है। चांदी का भाव 58,441 रुपए पर खुला था। एक बार भाव 57,853 रुपए तक चला गया लेकिन बाद में भाव में थोा सा सुधार हुआ और 58,074 रुपए हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के भाव में दबाव देखा जा रहा है। सोने का हाजिर भाव 0.62 फीसदी लुककर 1,636.68 डॉलर प्रति औंस हो गया है। वहीं चांदी का भाव भी 1.61 फीसदी टूटकर 19.32 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

# टाटा आईफोन के कॉम्पोनेंट बनाने 45,000 लोगों को करेगी भर्ती

### - कंपनी अगले 18 से 24 महीनों में कर सकती है कर्मचारियों की भर्ती




**नई दिल्ली ।** टाटा समूह दक्षिणी भारत में अपने इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में करीब 45,000 महिला श्रमिकों को रोजगार देने पर विचार कर रही है। कंपनी अगले 18 से 24 महीनों में यह लक्ष्य पूरा करना चाह रही है। गौरतलब है कि टाटा ग्रुप की इस फैक्ट्री में आईफोन के कॉम्पोनेंट तैयार किए जाते हैं। कंपनी ऐसा ऐपल इंक से और अधिक व्यापार प्राप्त करने की मंशा से कर रही है। इस फैक्ट्री में अभी करीब 10,000 कर्मचारी काम करते हैं और इनमें से अधिकांश महिलाएं ही हैं। इस प्लांट में आईफोन की केसिंग तैयार की जाती है। बता दें कि ऐपल चीन के बाहर अन्य देशों में आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग को और अधिक बढ़ाने का प्रयास कर रही है। टाटा उन भारतीय कंपनियों में शामिल हैं जो मैन्युफैक्चरिंग के लिए ऐपल के सामने विकल्प पेश कर रही हैं। तमिलनाडु स्थित इस प्लांट में सितंबर में लगभग 5,000 महिलाओं को नौकरी पर रखा गया था। यहां इन्हें 16000 रुपए का मासिक वेतन दिया जाता है जो भारत में इस तरह के कार्य में लगे श्रमिकों के औसत वेतन से 40 फीसदी अधिक है।

इसके अलावा इस प्लांट के अंदर इन्हें रहने व खाने की मुफ्त सुविधा दी जाती है। टाटा इनके प्रशिक्षण की भी योजना बना रही है। इस मामले में अभी दोनों ही कंपनियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि ये बात अब जाहिर हो चली है कि ऐपल चीन में कारोबार को घटाने का प्रयास कर रहा है। दरअसल केवल ऐपल ही नहीं अन्य कई कंपनियां ऐसा कर रही हैं। कोविड-19 के दौरान वहां लगे सख्त लॉकडाउन की वजह से वहां आपूर्ति श्रृंखला बड़े पैमाने पर बाधित हो रही है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच तनाव भी इसे कुछ हद तक हवा दे रहा है। इसलिए अमेरिका कंपनियां भारत और फिलिपींस को विकल्पों के रूप में देख रही हैं।

## अक्टूबर में आईटी सेक्टर में 18 फीसदी कम की गई हायरिंग


**नई दिल्ली ।** फेस्टिव सीजन के चलते पिछले साल की तुलना में अक्टूबर में हायरिंग गतिविधि सपाट रही। आईटी सेक्टर में गिरावट के साथ, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में हायरिंग एक्टिविटी में गिरावट देखी गई है। अक्टूबर के महीने में भारतीय आईटी क्षेत्र में भर्ती में 18 प्रतिशत की कमी आई है। त्योहारी सीजन के बावजूद, भारत में बीमा क्षेत्र के नेतृत्व में अक्टूबर में अन्य उद्योगों में स्थिर हालांकि फ्लैट हायरिंग देखी गई। अनुभव बैंड में पेशेवरों की मांग में वृद्धि के कारण भारत में बीमा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र ने 93 प्रतिशत वर्ष दर वर्ष की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। आईटी के अलावा, जिन अन्य क्षेत्रों में हायरिंग सेंटीमेंट में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, उनमें टेलीकॉम और हेल्थकेयर शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों में बीएफएसआई, तेल, यात्रा और आतिथ्य, रियल एस्टेट और ऑटो में ऊपर की ओर हायरिंग का रुझान जारी है।

# टाटा समूह की अब एयर एशिया में होगी 100 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।** मलेशिया की एयरलाइन एयरएशिया ने एयरएशिया इंडिया में अपनी शेष हिस्सेदारी एयर इंडिया को बेचने के लिए करार किया है। टाटा समूह और मलेशियाई इकाई के स्वामित्व वाली एयरएशिया इंडिया ने जून, 2014 में परिचालन शुरू किया था। एयरएशिया एविएशन ग्रुप लिमिटेड ने बयान में कहा कि उसने एयरएशिया इंडिया में शेष शेयरों को एयर इंडिया को बेचने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है। हालांकि इसने इस संदर्भ में कोई विशेष जानकारी साझा नहीं की। एयरएशिया इंडिया, टाटा संस और एयर एशिया के बीच एक संयुक्त उद्यम था। इसमें टाटा संस की 83.67 प्रतिशत हिस्सेदारी और एयर एशिया के पास 16.33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने इस साल जून में एयर इंडिया द्वारा एयरएशिया इंडिया की संपूर्ण हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है. एयरएशिया एविएशन ग्रुप के (समूह) मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बो लिंगम ने कहा कि जब हमने 2014 के बाद से पहली बार भारत में परिचालन शुरू किया तो एयरएशिया ने यहां एक विशाल कारोबार बनाया, जो दुनिया के सबसे बड़े नागर विमानन बाजारों में से एक है। वहीं टाटा की एयर इंडिया में 100 फीसदी हिस्सेदारी है।

# महिलाओं को चक्कर आने के पीछे हो सकते है ये 10 कारण, जानें और बरतें सावधानी

सिर में अचानक तेज दर्द होना या सिर घूमना, चक्कर आना कहलाता हैं जो कि एक एक सामान्य स्थिति है। कई बार नींद पूरी ना होने, थकान होने या भूखा रहने के कारण भी यह स्थिति सामने आ सकती हैं। महिलाएं इसे रोजमर्रा की परेशानी के तौर पर लेती हैं, लेकिन अगर यह समस्या बार-बार उत्पन्न हो तो आपको सतर्क होने की जरूरत हैं। जी हां, निरंतर चक्कर आना कई गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करता हैं जिसमें आपको अपनी सेहत के लिए फिक्रमंद होने की जरूरत हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं उन कारणों के बारे में जिनकी वजह से महिलाओं को चक्कर आता हैं। यह जानकारी आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। आइये जानते हैं इसके बारे में...



### ब्लड-प्रेशर कम होना

कई बार अचानक से ब्लड प्रेशर कम होने पर चक्कर आते हैं। चक्कर आने पर आंखों के सामने अंधेरा होना, कुछ पल के लिए बेहोशी और हाथ पैर ठंडे हो जाना आदि लक्षण भी दिख सकते हैं। कई बार चक्कर अचानक खड़े होने पर ज्यादा महसूस होते हैं। ऐसे में अगर आपको लंबे समय से लो-ब्लड प्रेशर की समस्या है और आपको चक्कर आता है, तो तुरंत आपको नमक का पानी पीना चाहिए और डॉक्टर की सलाह लेकर दवाई शुरू करनी चाहिए।

### पानी की कमी

पानी की कमी भी कई बार चक्कर आने का कारण बनती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के अनुसार, हल्के निर्जलीकरण के कारण आपको चक्कर या हल्का-हल्का सिर दर्द महसूस हो सकता है। डिहाइड्रेशन से ब्लड प्रेशर कम भी हो सकता है, जिससे आगे चल कर आपको और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए खूब पानी पिएं।

### हीमोग्लोबिन की कमी होना

हीमोग्लोबिन में कमी होना चक्कर आने के प्रमुख कारणों में से एक है। महिलाओं में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। हीमोग्लोबिन का काम रक्त को ऑक्सीजन देना है। रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी से महिला एनिमिया का शिकार हो सकती है। डेली डाइट में आयरन की कमी, प्रेग्नेंसी और पीरियडस के दौरान अत्याधिक ब्लीडिंग होने की वजह से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो सकती है। हीमोग्लोबिन कम होने पर महिलाओं को सिरदर्द, कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए महिलाओं को अपनी डाइट में मछली, हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, चुकंदर, अंडे और ड्राई-फ्रूट्स आदि शामिल करने चाहिए।

### एंग्जायटी अटैक की वजह से

एंग्जायटी अटैक होने पर कुछ लोग के दिल की धड़कने तेज हो जाती है और ब्रेन में इतनी तेज रिएक्टिविटी होती है चक्कर आने लगता है। ऐसे में हर बार चक्कर आने पर आपको ऐसा ही महसूस हो सकता है। तो, एंग्जायटी अटैक की वजह से आपको चक्कर आए तो पहले तो पानी पिएं और शांति से बैठें और फिर डॉक्टर को दिखा कर इसका इलाज करवाएं।

### विटामिन-बी12 की कमी

प्रेगनेंट और स्तनपात कराने वाली महिलाओं में विटामिन12 की कमी ज्यादा पाई जाती है। शरीर में बी12 की कमी से शारीरिक कमजोरी, भूख में कमी, कब्ज और थकान जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। विटामिन बी12 की कमी से मुंह में छाले पड़ना, त्वचा में पीलापन होना और चलने में कमजोरी की समस्या भी हो सकती है, जिसकी वजह से चक्कर आ सकते हैं। ये विटामिन एनिमल प्रोड्क्टस और डेयरी उत्पादों में पाया जाता है।

### ब्रेन ट्यूमर

कुछ गंभीर मामलों में चक्कर आना ब्रेन ट्यूमर का भी संकेत हो सकता है। ये ट्यूमर दिमाग के संतुलन पर नियंत्रण वाले हिस्से में बढ़ने लगता है। इसकी वजह से आपको संतुलन बनाने में दिक्कत होती है और आप बीमार महसूस करते हैं। हार्मोन में होने वाली गड़बड़ी की वजह से नजरें भी कमजोर होने लगती हैं।

### माइग्रेन के कारण

माइग्रेन में तेज सिरदर्द के कारण चक्कर आते हैं। माइग्रेन में सिरदर्द के साथ मितली और उल्टी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। महिलाओं में ये हार्मोन के असंतुलन के कारण होता है। माइग्रेन से बचने के लिए महिलाओं को अपनी जीवनशैली और आहार में कुछ बदलाव करने चाहिए। गर्मी के मौसम में अधिक ट्रैवल करने से बचें, दिनभर में 10 से 12 गिलास पानी जरूर पिएं, चाय-कॉफी का कम सेवन करें, ज्यादा मिर्ची वाला भोजन न खाएं, वॉक करने की आदत डालें और अपनी डाइट में छाछ, सूप और नारियल पानी का सेवन अधिक करें।

### दिल की बीमारी होने के कारण

चक्कर आने का एक कारण दिल की बीमारी भी हो सकती है। दरअसल, संकीर्ण हृदय वाल्व, एट्रियल फाइब्रिलेशन और एथेरोस्क्लेरोसिस जैसे एरिथमिया होने पर मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह कम होने लगता है जिससे रह-रह चक्कर आता है। ऐसे में आपको अपने डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा लेना चाहिए।

### कान में संक्रमण की वजह से

जब कान का भीतरी हिस्सा किसी चोट, इन्फेक्शन या किसी अन्य कारण से प्रभावित होता है, तब महिलाओं को चक्कर आ सकते हैं।

# गर्भवती महिलाएं तनाव से बचें




अगर आप गर्भवती हैं तो किसी प्रकार का तनाव न लें। एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गर्भावस्था के दौरान ज्यादा तनाव में रहने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि गर्भावस्था के दौरान तनाव लेने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा 42 फीसदी बढ़ जाता है। इससे पहले हुए अध्ययन की रिपोर्ट में यह पाया गया था कि 24 सप्ताह की गर्भवती में होने वाले गर्भपात में 20 फीसदी मामले तनाव के कारण होते हैं। दोबारा अध्ययन के बाद यह पाया गया कि आंकड़ें इससे कहीं ज्यादा हैं क्योंकि गर्भपात के कई मामले दर्ज ही नहीं होते। यही नहीं अध्ययन की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि युवा होते ही तनाव और अवसाद का सामना करने वाले लोगों को आगे के जीवन में बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

### गर्भावस्थ में काम का ज्यादा तनाव न लें

- गर्भावस्था के दौरान काम का बहुत ज्यादा तनाव न लें। अपनी प्राथमिकताएं थोड़ी कम करें और दोस्तों या रिश्तेदारों से मदद लेने में संकोच न करें।
- घर का काम कम करें और उस समय का इस्तेमाल आप किताब पढ़ने और आराम करने में कर सकती हैं।
- अगर कामकाजी हैं तो ऑफिस में सिक लीव या अपनी छुट्टियों का भरपूर लाभ लें।
- लंबी सांस लें और छोड़ें, योग करें या स्ट्रेचिंग करें।
- अगर स्वीमिंग आती है तो स्वीमिंग करें या वॉक करें।
- हेल्दी खाएं. संतुलित आहार आपके शरीर और मानसिक सेहत दोनों को ठीक रखेगा।
- रात में जल्दी सो जाएं क्योंकि इससे आपके गर्भ में पल रहे बच्चों को विकास के लिए ज्यादा समय मिलेगा।
- दूसरों की सुनें पर दिल से न लगाएं। गर्भावस्था के दौरान लोग खूब कहानियां सुनाते हैं, उन्हें सुनें जरूर, पर ज्यादा ध्यान न दें। कुछ लोगों को गर्भावस्था में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन ऐसा आपके साथ भी हो, कोई जरूरी तो नहीं।
- अगर आपको लगता है कि आप तनाव में हैं और आपका तनाव कम नहीं हो पा रहा है तो अपने डॉक्टर से बात करें।

# सुपर फूड्स से रहेंगी फिट

आजकल वजन घटाने सुपर फूड्स को बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस कारण यह पसंद किये जाने लगे हैं। कई सुपर फूड्स ने धीरेधीरे किचन में जगह बना ली है। जाहिर सी बात है कि किचन के जरिए ये हमारे पेट में भी पहुंच रहे हैं। क्विनोआ के अलावा, चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, वॉटरमेलन सीड्स, चगा मशरूम, नट ऑयल, मका, ल्यूकूमा, हेम्प सीड्स आदि। हममें से कुछ लोग इन सुपर फूड्स से परिचित हैं तो कुछ को इनके बारे में कुछ भी पता नहीं। फ्लैक्स सीड्स दादी-नानी के जमाने के अलसी के बीज हैं, जिन्हें अपने यहां के कुछ राज्यों में तिसी भी कहा जाता है। कुछ आयरन के बेहतरीन स्रोत हैं तो कुछ विटामिन और प्रोटीन के। इस आधे बीत चुके साल में इंटरनेट फ्रेंडली हो चुकी जनता अपने खानपान की आदतों को लेकर भी प्रयोग करते रहते हैं। चिया के बीज भी लोकप्रिय सुपर फूड्स की श्रेणी में शामिल हैं। वैसे तो ये स्वाद रहित होते हैं लेकिन जब इन्हें सही ढंग से पकाया जाता है तो ये आसानी से पच जाते हैं। एनर्जी बूस्टिंग पाउडर के तौर पर ये कमाल के हैं। हालिया शोध तो चिया के बीजों को टाइप 2 डायबिटीज खत्म करने के लिए कारगर मानते हैं। चिया मेक्सिको से आते हैं, जिसका अर्थ ताकत से है। चिया को रनर्स फूड भी कहा जाता है क्योंकि लंबी दौड़ में चिया का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के तौर पर किया जाता है।



कहा जाता है कि केवल एक चम्मच चिया उन्हें 24 घंटे तक ऊर्जावान बनाए रखने में कारगर है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी सन्फ्लेमेट्री, एंटी कैंसर गुण होने के कारण चिया के सेवन का प्रचलन अपने देश में भी बढ़ता जा रहा है। यह एक कंम्प्लीट प्रोटीन भी है क्योंकि इसमें नौ जरूरी अमिनो एसिड हैं। स्वस्थ पाचन तंत्र के लिए आवश्यक 20 फीसद सॉल्युबल फाइबर और 80 फीसद इनसॉल्युबल फाइबर भी इसमें हैं। यह ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखता है, क्रेविंग को कम करता है और लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है।

क्विनोआ पोषण का दोगुना पंच देता है क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह ग्लूटेन मुक्त होने के साथ पूर्ण प्रोटीन भी है। यह मूलतः एक बीज है, जिसे अनाज के तौर पर खाया जाता है। क्विनोआ तीन तरह के होते हैं- सफेद, लाल और काला। इसे अमूमन ऑर्गेनिक तौर पर ही उगाया जाता है। इसमें फ्लेवेनॉयड्स होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट की तरह काम करता है। अन्य अनाजों की तुलना में क्विनोआ में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स करीब 53 है, जो काफी कम है। शोध यह भी बताते हैं कि क्विनोआ मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में लाभदायक है। वजन कम करने की कोशिश में लगे लोगों के लिए क्विनोआ फायदेमंद है क्योंकि वजन कम करने के लिए हमें कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए। अलसी के बीज सालों से हमारे आस-पास ही हैं और एग्जॉटिक नहीं है, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि यह हमारे संतुलित आहार के लिए पर्याप्त नहीं।


# क्या आपका परफ्यूम लंबे समय तक चलता है




लंबे समय तक चलने वाले महिलाओं के परफ्यूम की मांग 2022 में बढ़ गई है क्योंकि मौसम के कारण सुगंध अधिक तेजी से फीकी पड़ जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 की शुरूआत के बाद से, वैश्विक खोज रुचि में 1,650 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

- परफ्यूम कितने समय तक टिकता है के लिए हर महीने औसतन 6,400 सर्च होते हैं, जबकि 5,900 लोग सवाल करते हैं कि परफ्यूम को लंबे समय तक कैसे बनाया जाए। कुल मिलाकर, यह हर साल 147,600 वैश्विक खोजें हैं।
- इसे ध्यान में रखते हुए, ताजमीली के विशेषज्ञों ने समझाया है कि सुगंध गर्मियों के दौरान लंबे समय तक क्यों नहीं रहती है। एक प्रवक्ता बताते हैं:-
- जब सूरज निकलता है और तापमान अधिक होता है, तो आपके परफ्यूम में अल्कोहल आपकी त्वचा से अधिक तेजी से वाष्पित हो जाएगा। जैसे ही यह वाष्पित हो जाता है, सुगंध इसके साथ जाती है।
- जहां आप अपना परफ्यूम स्टोर करते हैं वह भी एक भूमिका निभा सकता है। सीधी धूप या नम स्थितियों के संपर्क में आने से आपका परफ्यूम बोतल में खराब हो जाता है।
- अच्छी खबर यह है कि कुछ हैक्स हैं जो आपकी सुगंध को पूरी गर्मियों में मीठी महक रखने में मदद कर सकते हैं - और रहस्य एक विनम्र लोशन में निहित हो सकता है।
- नमीयुक्त त्वचा पर सुगंध अधिक समय तक टिकती है, क्योंकि यह सुगंध को बनाए रखता है। इसलिए इसके फीके पड़ने की संभावना कम होती है।

# इस प्रकार करें ब्यूटी प्रोडक्ट का बेहतर इस्तेमाल







खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल , बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें।

- डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं।
- लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें।
- स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं।
- गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोडने़ के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोडने़ के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।

## इस प्रकार वजन घटा सकतीं हैं आप



आजकल हमें अपनी सेहत पर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। इस वजह से ज्यादातर महिलाएं मोटापे का शिकार बन जाती हैं। मोटापा सबसे ज्यादा हमारे पेट पर नजर आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खराब तो है ही, देखने में भी काफी बुरा कगता है।

- मोटापे के बड़े कारणों में खाने-पीने की आदतों में बदलाव न कर पाना और एक्सरसाइज के लिए समय न निकाल पाना है। हमारा अस्त-व्यस्त रुटीन हमारी इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह है।
- अगर आपके पास भी समय नहीं है तो परेशान ना हों , क्योंकि आज हम आपको बता रहें कि डाइटिंग और एक्सरसाइज किए बिना आप किस तरह अपने वजन को कम कर सकते हैं। आपको बस अपनी कुछ आदतों में सुधार करने की जरूरत है।

### सोने का सही तरीका

सोने का तरीका हमारी बहुत सी परेशानियों को दूर करने में मददगार होता है। सामान्य रूप से एक शख्स को सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। आज के समय में बेहद व्यस्त दिनचर्या के चलते ज्यादातर लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं और ये भी मोटापे की एक प्रमुख वजह है।

### सोडा पीने की जगह पानी अपनाएं

अगर आपको सोडा और दूसरे सॉफ्ट ड्रिंक पीना पसंद है तो यह आपके मोटापे की प्रमुख वजह हो सकता है। इन पेय-पदार्थों में पर्याप्त मात्रा में कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ना तय है। तो ऐसे में अब अगर आपको जब भी प्यास लगे तो सॉफ्ट ड्रिंक

# कई देशों की मुद्राओं की तुलना में मजबूत हो रहा भारतीय रुपया

प्रहलाद सबनानी

विश्व के कई देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वहां के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। विशेष रूप से अमेरिका में ब्याज दरों में की जा रही वृद्धि का असर अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ रहा है क्योंकि अमेरिकी डॉलर वैश्विक स्तर पर किए जाने वाले आर्थिक व्यवहारों के निपटान का एक सशक्त माध्यम है। इस कारण के चलते सामान्यतः कई देशों में विदेशी निवेश भी अमेरिकी डॉलर में ही किए जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिकी केंद्रीय बैंक (यूएस फेड) ने अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार तेज वृद्धि की है क्योंकि अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर पिछले 40 वर्षों के एतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। ब्याज दरों में की गई तेज वृद्धि के कारण अन्य देशों में विशेष रूप से वहां के पूंजी बाजार (शेयर मार्केट) में अमेरिकी डॉलर में किए गए निवेश को निवेशक वापिस खींच रहे हैं एवं यह राशि अमेरिकी बांड्ज में निवेश कर रहे हैं क्योंकि इस निवेश पर बिना किसी जोखिम के तुलनात्मक रूप से अच्छी आय प्राप्त हो रही है। इस सबके चलते पूरे विश्व में अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ गई है एवं स्वाभाविक रूप से अमेरिकी डॉलर की कीमत भी अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बहुत महंगी हो गई। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि अमेरिकी डॉलर की कीमत बढ़ रही है और अन्य देशों की मुद्राओं का अवमूल्यन हो रहा है। भारत में भी अब यह कहा जाने लगा है कि रुपए का तेजी से अवमूल्यन हो रहा है अर्थात अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत तेजी से गिर रही है, परंतु भारत के संदर्भ में ऐसा कहा जाना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अर्थात यूएस फेड ने हाल ही में ब्याज दरों में बहुत बढ़ौतरी की है इससे अमेरिका में निवेश करने के लिए अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता एवं मांग पूरे विश्व में बढ़ रही है। इसकी वजह से अन्य समस्त देशों की मुद्राओं यथा यूरो, पाउंड, येन, रूबल, यूआन, रुपए आदि का, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, अवमूल्यन हो रहा है। जिस प्रकार की महंगाई की दर कई देशों में चल रही है, जो कई यूरोपीयन देशों में तो यह पिछले 50 साल के एतिहासिक स्तर पर है, इसे नियंत्रित करने के लिए अमेरिका सहित ये सभी देश ब्याज दरों को बढ़ाते चले जा रहे हैं जिससे अन्य देशों की मुद्राओं पर तो दबाव आ रहा है परंतु अमेरिकी डॉलर मजबूत होता जा रहा है।

विश्व की 6 बड़ी सबसे बड़ी मुद्राओं की कीमत की तुलना में अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 18 प्रतिशत बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर का विश्व में एक रिजर्व मुद्रा के रूप में उपयोग हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशी व्यापार अमेरिकी डॉलर में होता है अतः इन व्यवहारों का भुगतान करने के लिए सभी देशों को अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होती है। साथ ही, अमेरिकी संस्थानों का अन्य देशों के पूंजी बाजार में जो निवेश था वह निवेश भी अमेरिकी संस्थानों द्वारा निकाला जा रहा है और निवेश की इस राशि को अमेरिकी बांड्ज में लगाया जा रहा है। लगभग दो साल पहिले तक अमेरिकी बांड्ज पर ब्याज दर केवल 25 बेसिस पाइंटस थी जो आज बढ़कर 325 बेसिस पाइंटस से अधिक हो गई है।

भारतीय रुपए के अवमूल्यन की यदि चर्चा की जाय तो रुपए का यह अवमूल्यन वर्ष 1947 के बाद से लगातार हो रहा है। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय वर्ष 1947 में अमेरकि डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत एक रुपया तय की गई थी। अर्थात 1 अमेरिकी डॉलर 1 भारतीय रुपए के बराबर था। परंतु, एक अमेरिकी डॉलर की कीमत वर्ष 1967-1971 के बीच 7.50 रुपए पर आ गई, वर्ष 1988-89 में 14.40 रुपए हो गई, वर्ष 1991-92 में 24.40 रुपए हो गई, वर्ष 2001-02 में 47.69 रुपए हो गई, वर्ष 2013-14 में 60 रुपए एवं वर्ष 2021-22 में 74 रुपए हो गई और आज लगभग 83 रुपए हो गई है। इस प्रकार अमेरिकी डॉलर की कीमत लगातार बढ़ती गई है और भारतीय रुपए का अवमूल्यन होता रहा है। यहां भारतीय रुपए की तुलना यदि



अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अन्य देशों की मुद्राओं से की जाय तो यह आभास होता है कि हाल ही के समय में अन्य मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक तेज गति से अवमूल्यन हुआ है और इन मुद्राओं की तुलना में भारतीय रूपया मजबूत हुआ है। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। इस तथ्य को इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि अमेरिकी डॉलर की तुलना में अन्य देशों की मुद्राओं का कितना अवमूल्यन हुआ है और भारतीय रुपए का कितना अवमूल्यन हुआ है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रूपए की कीमत इन देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है।

लगभग उक्त प्रकार का ट्रेंड एशिया स्थित विभिन्न देशों की मुद्राओं के संदर्भ में भी दिखाई दिया है। वर्ष 2022 में अमेरिकी डॉलर की तुलना में फिलिपींस की मुद्रा का 16 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, सिंगापुर की मुद्रा का 6 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, मलेशिया की मुद्रा का 11 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, चीन की मुद्रा का 10.4 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है एवं भारतीय रुपए का 10.25 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है।

कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। हालांकि भारत में आर्थिक प्रगति के चलते वस्तुओं, विशेष रूप से कच्चे तेल, का आयात बहुत अधिक मात्रा में हो रहा है, इससे व्यापार घाटा बहुत अधिक मात्रा में हो गया है। भारत के कुल आयात में 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल के आयात का रहता है और देश में कच्चे तेल की कुल मांग का लगभग 80 प्रतिशत भाग आयात किया जाता है जिसका भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना होता है। अभी पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी बहुत बढ़ गई थी जिससे भारत के लिए अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता बहुत बढ़ गई थी। अमेरिकी डॉलर की मांग अधिक होने के चलते डॉलर मजबूत होता गया और रुपए का अवमूल्यन होता रहा। भारत में महंगाई बढ़ने के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने के साथ साथ अमेरिकी डॉलर के मजबूत होते जाना भी बहुत बड़ी वजह मानी जाती है। इन सभी कारणों के चलते भी भारत में महंगाई की दर विकसित देशों की तुलना में कम ही है। अमेरिका में महंगाई की दर 8 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है जो कि लगभग 3 वर्ष पूर्व तक 2 प्रतिशत के अंदर रहती थी, यूरोपीयन देशों में 9 प्रतिशत के आसपास है तो भारत में महंगाई की दर लगभग 7 प्रतिशत है जो कि कुछ वर्ष पूर्व तक 10 प्रतिशत से भी अधिक रहती थी।

## सोशल मीडिया और इंटरनेट बच्चों-युवाओं को बना रहा है अपराधी

इंटरनेट और सोशल मीडिया कच्ची उम्र के बच्चों को अपराधी बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया में जो जानकारी प्रस्तुत हो रही है। वह बालपन और युवा अवस्था को क्रूर और अपराधिक घटनाओं की ओर ले जाने का काम कर रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि परिवार और समाज के लोग इस खतरे से आगाह नहीं हो पा रहे हैं। सरकार जिसकी जिम्मेदारी थी कि भारत में इंटरनेट के माध्यम से कौन सी जानकारी आएगी और कौनसी प्रतिबंधित रहेगी इस पर भारत सरकार ने रोक लगाने का कोई सही प्रयास नहीं किया। इसी तरीके से गेम के माध्यम से इंटरनेट मोबाइल फोन और सोशल मीडिया पर जिस तरह की गंदगी परोसी जा रही हैं। वह बच्चों और युवाओं को मानसिक रूप से विकृति की ओर ले जा रही है। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर गांव गांव में हर बच्चे को मोबाइल उपलब्ध करा दिए गए। इंटरनेट खोलते ही सेक्स, गेम्स से संबंधित जानकारी इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जो गलत जानकारी युवा और बच्चों तक भेजी जा रही है, वह उन्हें वास्तविकता से परे ले जाकर एक अलग दुनिया में विचरण करा रही है। पिछले कुछ वर्षों में नाबालिक बच्चे एवं युवा सेक्स और नशे के शिकार हो रहे हैं। युवा अश्लील वीडियो देखने के आदी हो गए हैं। जो बीमारी बड़े-बड़े शहरों में थी, वह अब गांव-गांव तक पहुंच रही है। बालपन और युवापन हर चीज को जानना चाहता है। हर नई चीज उसे आकर्षित करती है। कच्ची उम्र में ही बच्चे नशीले पदार्थों का सेवन करने लगे हैं। बहुत कम उम्र में सेक्स संबंधी अपराध उन्हीं के बीच हो रहे हैं। मानसिक रूप से वह मोबाइल एडिक्शन के शिकार हो रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे बिना मोबाइल में गेम देखते हुए दूध, नाश्ता और खाना-पीना करते हैं। यदि मोबाइल नहीं रहता है तो वह खाते-पीते तक नहीं हैं। मोबाइल नहीं मिलने पर युवा और बच्चे आत्महत्या तक करने लगे हैं। अनियंत्रित इंटरनेट के उपयोग से अब हमने भारतीय समाज में बच्चों और युवाओं में मनमाने आचरण करने की छूट दे दी है। इन पर नियंत्रण लगा पाना किसी तरीके से संभव नहीं हो पा रहा है। भारत जैसे देश में 82 फ़ीसदी युवा रोजाना 2 घंटे से ज्यादा सोशल मीडिया पर अपना समय बिता रहे हैं। व्हाट्सएप जैसे ऐप में बिना जुड़े सैकड़ों समूह मैसेज भेज देते हैं। मोबाइल से मैसेज को डिलीट करने में ही घंटों लग जाते हैं। सरकार, समाज और परिवार को यह सब पता है। इसके बाद कोई भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने और मानने के लिए तैयार ही नहीं है। भारत सरकार को इंटरनेट के ऊपर जो नियंत्रण लगाने चाहिए थे, भारत में वह आज तक नहीं लगाए गए। भारत के लिए तकनीकी के माध्यम से जो भारत के ?लिये लाभदायक है, उसके लिए कोई काम सरकार ने नहीं किया। उल्टे विदेशी कंपनियों की गोद में जाकर भारत सरकार बैठ गई। भारत के लाखों हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और कम्युनिकेशन के इंजीनियर अंग्रेजी कंपनियों की गोद में जाकर बैठ गए हैं। भारत के युवा तकनीकी विशेषज्ञ गुगल, फेसबुक, ट्विटर, लिंकर, यूट्यूब इत्यादि में जाकर काम कर रहे हैं। भारत सरकार की नीतियां आज भी भारतीय संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था और भारतीय जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं हो रही हैं। जिसके कारण हमारे करोड़ों बच्चे और युवा आज मानसिक बीमारी के शिकार होकर पूरी समाज और देश के लिए बोझ बनते चले जा रहे हैं। हमारे ज्ञज्ञन का लाभ ?विदेशी कंप?नियां उठाकर आ?र्थिक शोषण कर रही है।

## गहराई में जाएं


गुरू के पास तीन शिष्य आए, बोले, गुरूदेव! हम साधना करना चाहते हैं। कोई साधना का सूत्र बताएं। गुरू ने सोचा, साधना का सूत्र बताने से पहले परीक्षा कर ली जाए। गुरू ने तीनों से एक प्रश्न पूछा, आंख और कान में कितना अंतर है। पहला व्यक्ति बोला, चार अंगुल का। दूसरे ने कहा, कान से आंख ज्यादा काम आती है। आंखों देखी बात बहुत स्पष्ट होती है। आंखों देखी और कानों सुनी बात में बहुत अंतर होता है। तीसरे का जवाब था, आंख से हम देख सकते हैं, किन्तु परमार्थ की बात कान से ही सुन सकते हैं। गुरू ने पहले व्यक्ति से कहा, तुम अभी व्यापार करो। तुम्हारा नाप-जोख में रस है। तुम साधना के अधिकारी नहीं हो। दूसरे व्यक्ति से कहा, तुम अभी न्याय का काम करो। लोगों के झगड़े सुलझाओ। आंख द्वारा देखे गए प्रमाण ज्यादा सच होते हैं। तीसरे व्यक्ति से कहा, तुम साधना के योग्य हो। मैं तुम्हें आत्मिक ज्ञान दूंगा, क्योंकि तुम परमार्थ की बात में रस लेते हो। यही कान, यही आंख सबके पास है। यदि आंख सच्चाई को देखने लग जाए, कान परमार्थ की बात को सुनने लग जाए तो नई बातें हमें प्राप्त हो सकती हैं। इसके लिए हमें गहराई में जाना होगा। सतह पर रहने से काम नहीं चलेगा। यदि हम अध्यात्म चिकित्सा या भाव चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग प्रस्तुत करें तो अध्यात्म की उपयोगिता बढ़ेगी, यह विश्वास प्रबल होता है। यह भौतिकता का नहीं, अध्यात्म का भी एक साम्राज्य है और उसके बिना मनुष्य सुख

## अदभुत है पर्वतीय लोगो की बूढ़ी दीपावली!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

पर्वतीय उत्तराखंड व हिमाचल में रह रहे लोगो को छोड़कर शायद ही किसी ने इगास यानि बूढ़ी दीपावली के बारे में सुना होगा, पर्वतीय मूल के अब के बच्चों को भी बूढ़ी दीपावली के बारे में पता नहीं है कि बूढ़ी दीपावली नाम का कोई त्यौहार भी होता है।

पर्वतीय लोगो की असली दीपावली इगास पर्व ही है,जिसे बूढ़ी दीपावली के रूप में मनाया जाता है, जो दीपोत्सव के ठीक ग्यारह दिन बाद मनाया जाता है। दीपोत्सव को इतनी देर से मनाने के दो कारण हैं पहला और मुख्य कारण भगवान श्रीराम के अयोध्या वापस आने की खबर सूदूर पहाडी निवासीयों को ग्यारह दिन बाद मिली, और उन्होंने उस दिन को ही दीपोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाने का निश्चय किया, बाद में छोटी दीपावली से लेकर गोवर्धन पूजा तक सबको मनाया, लेकिन ग्यारह दिन बाद की उस दीवाली को मनाना नहीं छोडा, । पहाडों में दीपावली को लोग दीये जलाते हैं, गौ पूजन करते हैं, अपने ईष्ट और कुलदेवी कुलदेवता की पूजा करते हैं, नयी उडद की दाल के पकौड़े बनाते हैं और गहत की दाल के स्वांले ( दाल से भरी पुडी) , दीपावली और इगास की शाम को सूर्यास्त होते ही औजी हर घर के द्वार पर ढोल दमाऊ के साथ बडई ( एक तरह की ढोल विधा) बजाते हैं फिर लोग पूजा शुरू करते हैं, पूजा समाप्ति के बाद सब लोग ढोल दमाऊ के साथ कुलदेवी या देवता के मंदिर जाते हैं वहां पर मंडाण ( पहाडी नृत्य) नाचते हैं, चीड़ की राल और बेल से बने भैला ( एक तरह की मशाल ) खेलते हैं, रात के बारह बजते ही सब घरों से इकट्ठा किया गया सतनाजा ( सात अनाज) गांव की चारो दिशा की सीमाओं पर रखते हैं इस सीमा को दिशाबंधनी कहा जाता है इससे बाहर लोग अपना घर नही बनाते। ये सतनाजा मां काली को भेंट होता है।



इगास मनाने का दूसरा कारण है गढवाल नरेश महिपति शाह के सेनापति वीर माधोसिंह गढवाल तिब्बत युद्ध में गढवाल की सेना का नेतृत्व कर रहे थे, गढवाल सेना युद्ध जीत चुकी थी लेकिन माधोसिंह सेना की एक छोटी टुकडी के साथ मुख्य सेना से अलग होकर भटक गये सबने उन्हें वीरगति को प्राप्त मान लिया लेकिन वो जब वापस आये तो सबने उनका स्वागत बडे जोरशोर से किया ये दिन दीपोत्सव के ग्यारह दिन बाद का दिन इसलिए इस दिन को भी दीपोत्सव जैसा मनाया गया, उस युद्ध में माधोसिंह गढवाल - तिब्बत की सीमा तय कर चुके थे जो वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा है . पहाडी इगास लुप्त होने वाले त्यौहारों की श्रेणी में है, इसका मुख्य कारण बढता बाजारवाद, क्षेत्रिय लोगों की उदासीनता और पलायन है, । इस त्यौहार को बूढ़ दवैली, बूढ़ी दिआऊड़ी, दयाउली भी कहा जाता है। इस पारम्परिक आयोजन से जुड़ी किवदंतियां महाभारत व रामायण युग से सम्बन्धित हैं। पहाड़ी इलाकों में श्रीराम के अयोध्या लौटने की खबर देर से पहुंची और तब तक पूरा देश दीवाली मना चुका था फिर भी पहाड़ी निवासियों ने दीपोत्सव मनाया जिसका नाम पड़ गया बूढ़ी दीवाली। बूढ़ी दिवाली आयोजनों में अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदने के दृश्य को खास अंदाज में मंचित किया जाता है। अखाड़े में लोग रस्सियों का एक घेरा बना उसे थामे रहते हैं। बीच में एक व्यक्ति हाथ में लाठी थामे रहता है। निश्चित समय पर संकेत से रस्सी का घेरा तंग किया जाता है बीच में खड़े अभिमन्यु को जकड़ने की कोशिश की जाती है वह घेरा तोड़ने का प्रयास करता है और सफल होकर दिखाता है। यह क्रिया कई बार दोहराई जाती है। इस चक्रव्यूहिक आयोजन में लोग कई बार जख्मी हो जाते हैं। मगर उल्लास और उमंग के वातावरण में कोई परवाह नहीं करता। इससे पहले अमावस की संध्या को टूटी लकड़ियाँ इक्ठ्ठी की जाती हैं व मेला स्थल दशनामी में रात्रि की पूवार्ध में पूजन कर उनमें आग लगा दी जाती है। लोग गाते हुए 'पांडव नृत्य' करते हैं। मध्य रात्रि को पांडव कौरव संघर्ष अभिनीत किया जाता है, कौरव पांडवों पर आक्रमण करते हैं, पांडव डटकर मुकाबला कर जीतते हैं फिर जश्न होता है। पूरी रात विजयोल्लास में परिवर्तित हो जाती हैं। सिरमौर में मूल दीवाली के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में काम की अधिकता होती है। यहां इन दिनों घासनियों (घास उगाने वाली जगहें) से सर्दी के लिए घास काटकर रखना होता है। मक्की की कटाई, अरबी निकाली जा रही होती है। अदरक निकाल कर बाजार पहुंचाना होता है। ऐसे अस्तव्यस्त समय के बीच दीवाली मनाने की फुरसत नहीं मिलती इसलिए बूढ़ी दीवाली मनाई जाती रही है।

# शुभ कार्यों की शुरुआत का पर्व है देवउठनी एकादशी!

### सूडोकु नवताल- 6237

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6236 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

डॉ सुनीता पुण्डरीक

देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और जिस पावन तिथि पर मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।24 एकादशियों में कार्तिक मास के शुक्लपक्ष में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी को बहुत शुभ और फलदायी माना गया है। देवउठनी एकादशी को हरि प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं।एकादशी तिथि 03 नवंबर को शाम 07 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी, जो कि 04 नवंबर को शाम 06 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी।धार्मिक मान्यता है कि एकादशी का व्रत करने वालों के पितृ मोक्ष को प्राप्त कर स्वर्ग में चले जाते हैं। एकादशी का व्रत करने वालों के पितृपक्ष के दस पुरुष, मातृपक्ष के दस पुरुष और दूसरे पितृजन बैकुण्ठवासी होते हैं। एकादशी का व्रत यश, कीर्ति , वैभव, धन, संपत्ति और संतान को उन्नति देने वाला है।सबसे अहम बात है कि इसी दिन भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी मां का आध्यात्मिक विवाह भी होता है। लोग घरों में और मंदिरों में ये विवाह करते हैं।इस अवसर पर तुलसी की पूजा का महत्व है। शालीग्राम और तुलसी की पूजा से पितृदोष का शमन होता है।जो व्यक्ति देवउठानी एकादशी का व्रत सच्चे दिल और श्रद्धापूर्वक रखता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। इस दिन सिर्फ निर्जन या केवल जलीय पदार्थों पर ही उपवास रखा जाता है। अगर आप इस दिन निर्जल व्रत नहीं रखते, तो इस दिन चावल, प्याज, लहसुन, बासी भोजन आदि का सेवन भूलकर भी न



करें।एकादशी तिथि के दिन वाद-विवाद से बचना चाहिए। इस दिन लड़ाई-झगड़ा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। एकादशी तिथि के दिन किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट होती हैं।एकादशी के दिन दान करना उत्तम माना जाता है।एकादशी के दिन संभव हो तो गंगा स्नान करना चाहिए। विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए एकादशी के दिन केसर, केला या हल्दी का दान करना चाहिए।एकादशी का उपवास रखने से धन, मान-सम्मान और संतान सुख के साथ मनोवांछित फल की प्राप्ति होने की मान्यता है।कहा जाता है कि एकादशी का व्रत रखने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।एकादशी कथा के तहत,एक राजा के राज्य में सभी लोग एकादशी का व्रत रखते थे। प्रजा तथा नौकर-चाकरों से लेकर पशुओं तक को एकादशी के दिन अन्न नहीं दिया जाता था। एक दिन किसी दूसरे राज्य का एक व्यक्ति राजा के पास आकर बोला महाराज! कृपा करके मुझे नौकरी पर रख लें। तब राजा ने उसके सामने एक शर्त रखी कि ठीक है रख लेते हैं। किन्तु रोज तो तुम्हें खाने को सब कुछ मिलेगा पर एकादशी को अन्न नहीं मिलेगा।

उस व्यक्ति ने उस समय %हां% कर ली, पर एकादशी के दिन जब उसे फलाहार का सामान दिया गया तो वह राजा के सामने जाकर गिड़गिड़ाने लगा- महाराज! इससे मेरा पेट नहीं भरेगा। मैं भूखा ही मर जाऊंगा। मुझे अन्न दे दो।राजा ने उसे शर्त की बात याद दिलाई, पर वह अन्न छोड़ने को राजी नहीं हुआ, तब राजा ने उसे आटा-दाल-चावल आदि दिए। वह नित्य की तरह नदी पर पहुंचा और स्नान कर भोजन पकाने लगा। जब भोजन बन गया तो वह भगवान को बुलाने लगा, आओ भगवन,भोजन तैयार है। उसके बुलाने पर पीतांबर धारण किए भगवान चतुर्भुज रूप में आ पहुंचे और प्रेम से उसके साथ भोजन करने लगे। भोजन करके भगवान अंतर्धान हो गए और वह अपने काम पर चला गया।

15 दिन बाद अगली एकादशी को वह राजा से कहने लगा कि महाराज मुझे दुगुना सामान दीजिए। उस दिन तो मैं भूखा ही रह गया। राजा ने कारण पूछा तो उसने बताया कि हमारे साथ भगवान भी खाते हैं। इसीलिए हम दोनों के लिए ये सामान पूरा नहीं होता।यह सुनकर राजा को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह बोला मैं नहीं मान सकता कि भगवान तुम्हारे साथ खाते हैं। मैं तो इतना व्रत रखता हूं, पूजा करता हूं, पर भगवान ने मुझे कभी दर्शन नहीं दिए।राजा की बात सुनकर वह बोला महाराज! यदि विश्वास न हो तो साथ चलकर देख लें। राजा एक पेड़ के पीछे छिपकर बैठ गया। उस व्यक्ति ने भोजन बनाया तथा भगवान को शाम तक पुकारता रहा, परंतु भगवान न आए। अंत में उसने कहा- हे भगवान! यदि आप नहीं आए तो मैं नदी में कूदकर प्राण त्याग दूंगा।लेकिन भगवान नहीं आए, तब वह प्राण त्यागने के उद्देश्य से नदी की तरफ बढ़ा।

## भारत में शिक्षा की दुर्दशा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में शिक्षा की कितनी दुर्दशा है, इसका पता यूनेस्को की एक ताजा रपट से चल रहा है। 75 साल की आजादी के बावजूद एशिया के छोटे-मोटे देशों के मुकाबले भारत क्यों पिछड़ा हुआ है, इसका मूल कारण यह है कि हमारी सरकारों ने शिक्षा और चिकित्सा पर कभी समुचित ध्यान दिया ही नहीं। इसीलिए देश के मुट्ठीभर लोग अपने बच्चों को प्रायवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं और निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। देश के 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के बच्चे उचित शिक्षा-दीक्षा से और वे लोग पर्याप्त चिकित्सा से वंचित रहते हैं। यूनेस्को ने भारत में खोज-पड़ताल करके बताया है कि देश के 73 प्रतिशत माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वहां पढ़ाई का स्तर घटिया होता है। वहां से पढ़े हुए बच्चों को ऊँची नौकरियां नहीं मिलती हैं, क्योंकि उनका अंग्रेजी ज्ञान कमजोर होता है। हमारी सरकारों के निकम्मेपन के कारण आज तक सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े हुए बच्चे बड़े होकर या तो सरकारी नौकरियां हथियाने या फिर अमेरिका और कनाडा भागने के लिए आतुर रहते हैं। गैर-सरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50-50 हजार रु. महिना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा-संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते। देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस-वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन स्कूलों से निकलनेवाले छात्र क्या नए भारत के निर्माण में कोई उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं? यदि हम शिक्षा के मामले में भारत की तुलना दक्षेस के हमारे पड़ौसी सातों देशों से करें तो उक्त पैमाने पर वह अफगानिस्तान के सबसे करीब है लेकिन वह श्रीलंका, भूटान और पाकिस्तान से भी बहुत पिछड़ा हुआ है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा राष्ट्र भारत है। प्राचीन भारत की शिक्षा-व्यवस्था जगत्प्रसिद्ध रही है। चीन, जापान और यूनान से सदियों पहले लोग भारत इसीलिए आया करते थे कि यहां की शिक्षा-प्रणाली उन्हें सर्वश्रेष्ठ लगा करती थी। आज अमेरिका दुनिया की सर्वोच्च महाशक्ति अपनी शिक्षा के दम पर बना है लेकिन भारत मैकाले की गुलामी में ही गुलछर्रे उड़ा रहा है। पता नहीं, आजादी के सौ साल तक भी इस सड़ी हुई शिक्षा-व्यवस्था को बदलनेवाला कोई नेतृत्व भारत में पैदा होगा या नहीं?

# खनिज साधन मंत्री ने लाडली लक्ष्मी वाटिका एवं लाडली लक्ष्मी पथ का किया लोकार्पण





**सतेंद्र प्रजापति रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश के 67वें स्थापना दिवस के तहत साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन की श्रृंखला में गत बुधवार को लाडली लक्ष्मी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने लाडली लक्ष्मी वाटिका और संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन से होमगार्ड कमाण्डेंट कार्यालय तक लाडली लक्ष्मी पथ का लोकार्पण किया।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लाडली लक्ष्मी दिवस के मौके पर लाडली लक्ष्मी बालिकाओं का स्वागत व सम्मान कर गर्व की अनुभूति हुई है। बेटियों का सम्मान गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बेटियों के कल्याण व शिक्षा के लिए पहली बार लाडली लक्ष्मी योजना की शुरूआत वर्ष 2007 में की गई थी। योजना का उद्देश्य परिवार में बेटी के जन्म के बाद उनका सुरक्षित भविष्य तय करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बेटियों को पढ़ाई-लिखाई के साथ ही खेल गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि जिले की लाडली बालिकाओं ने गत माह वाघा बार्डर का भ्रमण भी किया है। साथ ही पन्ना जिले की बेटियों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और परिवार का नाम रोशन किया है। सरकार के प्रोत्साहन के फलस्वरूप गांव की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना की शुरूआत होने से माता-पिता और परिवार व समाज का बेटियों के प्रति सोच व भावनाओं में बदलाव आया है। अब बेटी के जन्म पर भी परिवार में खुशियां मनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 शुरू की है। इसमें लाडली बालिका को महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर दो समान किश्त में कुल 25 हजार रूपए की राशि मिलेगी। योजना में लाडली बालिकाओं को कुल 1 लाख 43 हजार रूपए की राशि मिल सकेगी। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर को आगामी दिनों में टाउन हॉल में लाडली लक्ष्मी बेटियों एवं अभिभावकों का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित करवाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बेटियां पढ़-लिख कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करें। बेटियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। खनिज मंत्री द्वारा लाडली लक्ष्मी दिवस पर वाटिका में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय सहित जिला पंचायत सीईओ श्री संघ प्रिय, अपर कलेक्टर श्री जे.पी. धुर्वे और बड़ी संख्या में लाडली लक्ष्मी बालिकाएं और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पुनः बने शिवकुमार भार्गव



**अभिषेक कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**सिरोंज।** उच्चषिक्षा विभाग द्वारा शासकीय एलबीएस कॉलेज का जनभागीदारी अध्यक्ष पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री शिव कुमार भार्गव को नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय होकि पूर्व में सन् 2017 में उच्चषिक्षा विभाग द्वारा भाजपा नेता शिव कुमार भार्गव को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लेकिन प्रदेष में कॉग्रेस सरकार बनने के बाद जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष की नियुक्ति निरस्त कर दी गयीं थी और तभी से प्रषासक के रूप में एसडीएम को जिम्मेदारी दी गयीं थी।

## म.प्र स्थापना दिवस पर सफाई मित्रों का हुआ सम्मान



**अभिषेक कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

सिरोंज। म.प्र स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह व स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का शुभारंभ पूर्व नपाध्यक्ष पदम ताम्रकार एवं नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सीएमओं प्रदीप भदौरिया व पार्षदों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में सिरोंज नपा का 67 वॉ रैंक आने पर सफाई मित्रों का हार फूल मालाऐं पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही व्यापारियों का सम्मान किया गया। इसदौरान एनडी साहू, तोषमणि पंथी, हरिचरण अहिरवार, इमरान कुरैषी, धर्मेन्द्र जैन, संजय सोनी, टीकाराम शाक्य, रिंकु यादव, सीताराम कुषवाह, मुंषीलाल कुषवाह, धीरज मैना आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थें।

## थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने सांकेतिक बंद रखकर कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर एसडीएम को कराया अवगत



**अभिषेक कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**सिरोंज।** थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ द्वारा गुरूवार को कृषि उपज मंडी में गत पॉच दिनों से कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्षन किया जा रहा है और सांकेतिक रूप से कुछ समय के लिऐ बंद रखकर एसडीएम प्रवीण प्रजापति को सूचना देकर मंडी में बुलाकर अव्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराकर समाधान की मांग कि गयीं। थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मंडी सचिव व नपा प्रबंधन को 3 दिन के अंदर मंडी में साफ सफाई कराने के निर्देष दिये गयें। साथ ही थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ द्वारा तीन दिन के अंदर मंडी प्रषासन की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी अनिष्चितकालीन हड़ताल के लिऐ विवष होगें

# जिला दण्डाधिकारी ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**सतेंद्र प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी कर नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। पन्ना जिले के संपूर्ण सीमा क्षेत्र में उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जनसामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने और लोक व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत उक्तादेश जारी किया गया है। आदेश में उल्लेखित है कि कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिए स्ट्रा-रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाए। तथा संबंधित कृषक द्वारा स्ट्रा-रीपर से भूसा तैयार करने के लिए सहमत होने पर ही हार्वेस्टर से फसल की कटाई की जा सकेगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 188 के तहत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि खरीफ फसल कटाई का कार्य शुरू होने पर मुख्यतः कम्बाईन हार्वेस्टर द्वारा फसल कटाई की जाती है और कटाई के बाद फसल के नरवाई (डंठल) से भूसा न बनाकर जलाया जाता है, जबकि पशु आहार के साथ अन्य वैकल्पिक रूप में भूसा का उपयोग किया जा सकता है। एकत्रित भूसा ईंट भट्टा और अन्य उद्योगों में भी उपयोग किया जाता है। भूसे की मांग प्रदेश के अन्य जिलों के साथ अन्य प्रदेश में भी रहती है। भूसा अथवा पैरा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने पर पशुओं द्वारा हानिकारक पदार्थों का सेवन करने पर बीमार होने अथवा मृत्यु होने की संभावना भी रहती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने पर कृषकों को बढ़ी हुई दर पर भूसा क्रय करना पड़ता है।

इसके अलावा नरवाई में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल नहीं है। गत वर्ष में अग्नि दुर्घटनाएं और व्यापक संपत्ति की हानि हुई है। नरवाई जलाने से खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होने के साथ ही उर्वरा शक्ति का कम होना, उत्पादन प्रभावित होना, हानिकारक गैसों का उत्सर्जन सहित अन्य नकारात्मक प्रभाव भी होते हैं।

## लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण

**सतेंद्र प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** लाडली लक्ष्मी दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में 2 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। लाडली लक्ष्मी 2.0 अंतर्गत कक्षा-12वीं के उपरांत स्नातक अथवा दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेशित लाडली बालिकाओं को दो किश्तों में कुल 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर ने बताया कि पन्ना जिले की कुल 41 लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रथम किश्त के रूप में 12 हजार 500 रूपये की राशि मिली है। कार्यक्रम में कु. सृष्टि सोनी और कु. राखी अहिरवार को प्रोत्साहन राशि प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 5 बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शेष 34 बालिकाओं को परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर पर राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टाउन हॉल में उपस्थित लाडली बालिकाओं और अभिभावकों सहित उपस्थित अतिथियों ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को देखा और सुना। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कोरी सहित जिला पंचायत सीईओ श्री संघ प्रिय भी उपस्थित थे।

## एक जिला-एक उत्पाद एवं रोजगार दिवस आज



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर 4 नवम्बर को टाउन हॉल, पन्ना में सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय एक जिला-एक उत्पाद दिवस एवं रोजगार दिवस आयोजित किया गया है। इस दौरान उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना के बारे में आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उद्योग विभाग द्वारा रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत युवाओं को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी पन्ना सालों से डटे इंजीनियरों का रसूख कायम पन्ना

### पीडब्लूडी इंजीनियरों की संपत्ति की जांच कराई जाए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ बन गए इंजीनियर सब इंजीनियर अब पन्ना में स्थाई हो चुके हैं ना ही इनके ऊपर शासन के स्थानांतरण नीति का असर पड़ता है ना ही मध्यप्रदेश शासन में होने वाले तबादलों पर इन इंजीनियरों पर कोई आंच आती है लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर एबी साहू और अनुपम शुक्ला भी ऐसे इंजीनियर हैं जो सालों से पन्ना जिले में जमे हुए हैं अब तो यह स्थानीय निवासी भी हो गए ना तो सही तरीके से काम करा पाते हैं ना ही कार्य की सही गुणवत्ता की जांच का कर पाते है इनके द्वारा दिए गए कई टेंडर आज भी अधूरे डाले हैं और ठेकेदार से मिलीभगत कर इन्होंने कई कामों को आधा अधूरा छोड़ रखा है ना तो इन्हें विकास कार्य से कोई मतलब है और ना ही इन्हें पन्ना जिले के अच्छे भविष्य से कोई मतलब है सिर्फ पीडब्ल्यूडी विभाग कमीशन खोरी की भेंट चढ़ा हुआ है यहां तक कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक इंजीनियर का कमीशन सेट है और समय पर सभी को भुगतान मिल जाता है ना तो इसकी जानकारी किसी को मिलती है ना ही सही से काम की जानकारी किसी को दी जाती है ऐसे ना जाने कितने इंजीनियर आज पन्ना जिले में जमे हुए हैं लेकिन इनकी कार्य कुशलता पर कोई टिप्पणी करने वाला नहीं है इसलिए राजनीतिक रसूख के चलते स्थानांतरण नीति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है इन्हें पन्ना जिले में कब से कब तक रहना है

### बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने मांग की है पीडब्लू डी इंजीनियरों की जांच कराई जाए

बड़ी बुंदेलखंड के विकास की धारा जोड़ने के लिए बुंदेलखंड विकास सेना लगातार बुंदेलखंड की एक चित्र में धरना प्रदर्शन कर रही है उनकी यह मांग है कि बुंदेलखंड की सभी जिलों में पीडब्ल्यूडी के कार्यों की सही तरीके से जांच कराई जाए इनके द्वारा जो राजस्व को क्षति पहुंचाई गई और ठेकेदारों से अवैध वसूली गई की गई उसकी जांच होना बहुत जरूरी है इसलिए बुंदेलखंड इंसाफ सेना लगातार बुंदेलखंड के क्षेत्र में 20 दिन से आंदोलन कर रही उसी प्रकार उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दोनों जगह पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की संपत्ति की जांच की मांग भी कराई जाए ऐसी कुछ मांगे हैं बुंदेलखंड इंसाफ सेना की

## *समाचार पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशकों की सुविधा के लिए पोर्टल शुरू

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अंतर्गत समाचार पत्र-पत्रिकाओं की नियतकालिक प्रकाशन की एक प्रति जिला जनसंपर्क कार्यालय में निःशुल्क देना अनिवार्य है। प्रकाशकों की सुविधा की दृष्टि से प्रकाशन की प्रति जमा करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के संबंध में जिला जनसंपर्क कार्यालय को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1867 के धारा-9 में प्रावधान है कि समाचार-पत्र और पत्रिकाओं के या अन्य नियतकालिक प्रकाशन के प्रकाशित होने के पश्चात उसकी प्रति यथाशीघ्र जिला जनसंपर्क कार्यालय को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही एक प्रति आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय की पंजीयन शाखा में उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में प्रायः यह देखा जा रहा है कि समाचार प्रकाशक प्रकाशन के बाद समय पर नियमित रूप से जिला जनसम्पर्क कार्यालय में प्रकाशन की प्रति जमा नहीं करा रहे हैं। इस व्यवस्था से प्रकाशक समाचार पत्र-पत्रिकाओं की एक प्रति एक नियत तिथि तक ही जमा करा सकेंगे।

# स्वास्थ्य शिविर के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने 5 एवं 6 नवम्बर को नवीन शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी है। उत्तर वन मंडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, सीएमएचओ, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जिला परिवहन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

## अजयगढ़ में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 5 नवम्बर से*

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बैरागढ़, भोपाल द्वारा अजयगढ़ में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में 5 एवं 6 नवम्बर को शिविर में चिकित्सकों और मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय द्वारा आम नागरिकों से शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## बैंक खाता आधार से लिंक कराना जरूरी

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

**पन्ना-** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ प्राप्त कर रहे जिले के कृषक अपना ई-केवाइसी एवं बैंक खाता आधार से लिंक करवाएं। योजना का लाभ प्राप्त कर रहे सभी किसानों को अपना ई-केवाइसी और आधार नंबर बैंक खाता से लिंक कराना अनिवार्य है। लिंक नहीं होने की दशा में दोनों योजनाओं की किश्तों का भुगतान किसानों को नहीं किया जाएगा।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब और मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी

### नशीले पदार्थों के अवैध भंडारण, परिवहन ,विक्रय एवं निर्माण लगातार की जा रही हैं वैधानिक कार्यवाहियाँ

**हरिचरण प्रजापति दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के अलग-अलग थानो में माह अक्टूबर 2022 में लगातार अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के भण्डारण, निर्माण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले 267 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कुल 263 प्रकरण कायम किये जाकर अवैध अंग्रेजी शराब मात्रा 97.14 लीटर, देशी शराब 343.62 लीटर, कच्ची शराब 1054.5 लीटर (कुल अवैध शराब की मात्रा करीब 1495.26 लीटर) कुल कीमती करीब 2,60,366 रूपये की जप्त की गई है। साथ ही पन्ना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 05 आरोपियों के विरूद्ध 05 प्रकरण कायम किये जाकर अवैध 315 बोर के 04 कट्टा , 12 बोर के 02 कट्टा, 06 कारतूस, 02 बका एवं 15 चाकू कीमती करीब 37500 रूपये जप्त किये गये । एनडीपीएस एक्ट के तहत माह अक्टूबर में 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 18 प्रकरण कायम किये जाकर आरोपियों के कब्जे से कुल 15 किलो 545 ग्राम गांजा कीमती करीब 175850 रूपये का जप्त किया गया एवं पन्ना पुलिस द्वारा ड्रग कन्ट्रोलर अधिनियम के अंतर्गत 01 व्यक्ति के विरूद्ध 01 प्रकरण कायम किया जाकर 15 शीशी कोरेक्स सीरप कीमती करीब 2085 रूपये का जप्त किया गया है । इसी प्रकार माह अक्टूबर में पन्ना पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चालने वाले 37 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये हैं । पन्ना पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय की मंशानुरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में कोटपा एक्ट, नशामुक्ति एवं यातायात संबंधी 339 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं माह अक्टूबर में अलग-अलग थानो में होटल ,ढाबो , शराब के आहतों को 935 बार चेक किया गया है । पन्ना पुलिस सतत अपनी उपस्तिथि बढ़ाने और आम जनता में विश्वास बढ़ाने का भरसक प्रयास कर रही है।भविष्य में भी पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र, अवैध शराब एवं अन्य नशे की वस्तुओ के भण्डारण, विक्रय परिवहन एवं जुआँ ङ्क सट्टा खेलने एवं खिलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाए जाएंगे साथ ही व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ।

## *ई-दक्ष केन्द्र में बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण 7 नवम्बर से*

**जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** शासकीय सेवकों को ई-गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यक दक्षताओं के संवर्धन के लिए बेसिक कम्प्यूटर, इंटरनेट व ई-मेल, भीम, साइबर सिक्योरिटी तथा यूनिकोड विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यादवेन्द्र क्लब परिसर में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में 7 से 25 नवम्बर तक प्रशिक्षण होगा। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को संबंधित अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं।

# 50 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहृत को सकुशल छुड़ाया

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** 01.11.2022 को फरियादी आरिफ खान द्वारा पुलिस चौकी मगरौनी मे उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि मेरे मामू अमजद खान मेरे घर आये और बोले कि आज भैंसों की गाड़ी भरना है, इसके बाद मैं और मेरे मामू अमजद खान नरवर बस स्टेण्ड पर एक व्यक्ति से मिले जो हमें भैंसे दिखाने के लिये ग्राम पीपलखाड़ी के जंगल मे अंदर की तरफ ले गया । जंगल मे अंदर जाने पर तीन लोग खड़े मिले हमारे साथ जाने बाला व्यक्ति उनसे बात करने लगा और उनकी तरफ होकर मेरे मामू अमजद को पकड़ लिया व मुझसे बोले कि तू कौन है यहां से भाग जा नहीं तो तुझे भी पकड़ लेंगे, मैं वहां से भाग आया और घटना के बारे मे घर बालों को बताया व मामू अमजद की तलाश की नहीं मिले । फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस चौकी मगरौनी पर अपराध क्रमांक 342/2022 धारा 365 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।



दिनांक 01.11.2022 को आरोपी द्वारा अपहृत के परिजनों को फोन कर 50 लाख की फिरोती की मांग की गई एवं किसी को भी इस बारे मे बताने पर अपहृत को जान से मारने की धमकी दी गई, जिस पर से प्रकरण मे धारा 364ए भादवि एवं धारा 11,13 एमपीडीपीके एक्ट का इजाफा किया गया ।

मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया, टीम नंबर 01 चौकी प्रभारी मगरौनी उनि. दीपक शर्मा के नेतृत्व मे, टीम नंबर 02 थाना प्रभारी नरवर निरी. आलोक सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे, टीम नंबर 03 थाना प्रभारी सीहोर उनि. राघवेन्द्र यादव के नेतृत्व मे, टीम नंबर 04 उनि. अजय मिश्रा के नेतृत्व मे, एवं टीम नंबर 05 थाना प्रभारी अमोला उनि. अमित चतुर्वेदी के नेतृत्व मे पांचों टीमों को आरोपी द्वारा बताये गये फिरोती देने के स्थान को घेरने के लिये ब्रीफ कर अपहृत को मुक्त कराने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया इसके साथ ही थाना प्रभारी बम्हारी, सुभाषपुरा, सतनबाड़ा को कट ऑफ पाइंट पर क्रमशः बम्हारी से सुभाषपुरा के रास्ते पर, कैरऊ से धौलागढ़ के रास्ते पर, एनएच- से बम्हारी जाने बाले रास्ते पर तथा करैरा के उप निरीक्ष को मगरौनी के वन नाके पर चैकिंग हेतु लगाया गया । प्लानिंग के तहत टीम नंबर 01 फिरोती की डमी रकम लेकर एवं अपहृत के भाई को लेकर सिद्ध बाबा बाली पहाड़ी के नीचे मैदान मे पहुंचकर टॉर्च का इसारा किया तो पहाड़ तरफ से आवाज आई कौन है तब अपहृत के भाई ने आबाज दी कि मै अमजद खान का भाई हूं फिरोती की रकम लेकर आया हूं, कुछ समय बाद तीन व्यक्ति एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर लाते दिखे एवं इनसे लगभग 50 कदम पीछे एक व्यक्ति हाथ मे बंदूक लिये आता दिखाई दिया, अपहृत के भाई ने फिरोती की डमी रकम का थेला अपहरणकर्ताओं को दे दिया जिसे चैक कर उन्होंने अमजद को राजेश के पास आने दिया । अपहृत के मिलते ही टीम नंबर 01 ने अपहृत को सुरक्षित निकाला एवं अन्य सभी टीमों ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया जव अपहरण किया गया था तब अमजद के पास 80 हजार रुपये थे जिनमे से गिरफ्तार आरोपियों से 25 हजार 500 रुपये एवं आरपियों के कब्जे से एक 12 बोर का कट्टा एवं राउण्ड, कुल्हाड़ी एवं सरिया जप्त किया गया है, एक आरोपी जंगल एवं अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे कामयाव हो गया जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है । उक्त कार्यवाही मे निरी. अलोक सिंह भदौरिया, उनि. दीपक शर्मा, उनि. अमित चतुर्वेदी, उनि. राघवेन्द्र यादव, उनि. रविन्द्र सिकरवार, उनि. नीरज राणा, उनि. सुनील राजपूत, उनि. राजीव दुवे, कावा. उनि. रामचंद्र पचौरी, सउनि प्रवीण त्रिवेदी, भोलारम पुरोहित, विवेक भट्ट, कार्य. सउनि. राकेश यादव, प्रआर. चंद्रभान, संभसेतु, नारायण वंजारा, कावा. प्रआर. डेनी कुमार, विपिन कुमार, अजेन्द्र परिहार, आर. संतोष, सचिन यादव, सुनील रावत, संदीप सिंह, विनोद कुमार अरुण कुशवाह, अनूप कुमार, हरेन्द्र, देवेन्द्र परिहार, शिवम, पवन राठौर, मलखान गुर्जर, भारत बघेल, विकाश भदौरिया, नवीन शाक्य, विक्रम जाट, घनश्याम रजक, प्रआर.चा. उसमान खान, आर. चालक राम हुजूर यादव, सैनिक हनुमंत सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

## शिवपुरी पथ विक्रेता एकता तंबाखू बिक्री को लेकर शिवपुरी कलेक्ट्रेट में पहुंचकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**खबर जिला शिवपुरी से है जहां तमाकू उत्पादकों की बिक्री को लेकर प्रस्तावित लाइसेंस को लेकर कलेक्टर शिवपुरी को ज्ञापन दिया उन्होंने बताया कि उनके सदस्य रोजमर्रा की जरूरत का सामान बेचकर अपना जीवनयापन करते है जैसे मिनरल वॉटर , सॉफ्ट ड्रिंक्स , बीड़ी, सिगरेट आदि अपनी अजीबिका चलाते हैं जायदा पडे लिखे नहीं है समाज में सबसे गरीब वर्ग से



ताल्लुक रखते हैं कुछ लोगो ने अपनी दुकान चलाने के लिए लोन लिया है रोजगार के लिए सरकार पर नर्भर नही है अपना परिवार चलाने के लिए अपनी मेहनत पर विश्वास करते है ऐसे में तंबाखू बिक्री के लिए प्रस्तावित अनिवार्य लायेसेस का कानून गरीब वर्ग के लोगों पर दूरगामी नकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा आते हैं उनकी मांग है कि इसे निरस्त किया जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो बो धरना प्रदर्शन करेंगे

## सड़क दुर्घटना व्यक्ति गंभीर

**संवाददाता विशाल सिंह लोधी पुष्पांजली टुडे**

अमोला थाना अंतर्गत ग्राम छान बस स्टैंड के पास एक सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति प्रकाश जाटव पिता का नाम भागीरथ जाटव निवासी सजोर गाड़ी को हाई स्पीड से चलाते हुए आ रहे थे और अचानक गाड़ी का बैलेंस बिगड़ा और



गाड़ी खंती में जा गिरी जिससे ड्राइवर को गंभीर रूप से चोट आई है और उसके लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है

# गोपालष्टमी पर नरगढ गौशाला में हुआ गौपूजन।गौशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर मनाई

**संवाददाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** गोपालष्टमी। उनाव।कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन मनाये जाने बाला गोपालष्टमी पर्व नरगढ़ गाँव स्थित गौशाला में आज शाम श्रद्धा एवं भक्तिभाव के वातावरण के बीच मनाया गया।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य पंडित सतीश चतुर्वेदी द्वारा गौमाता का पूजन हल्दी,चंदन व चावल लगाकर किया गया तदुपरांत उन्होंने गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ किया। गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौपूजन का कार्यक्रम पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया द्वारा सम्पन्न किया गया। कार्तिक मास को भगवान कृष्ण की भक्ति का मुख्य महीना माना जाता हैं।मान्यता यह भी है कि भगवान कृष्ण कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को ही पहली बार गायो को चराने के लिए बन में गए थे।इसीलिए गोपालष्टमी के दिन गौ पूजन करने का विशेष महत्व माना जाता है।गौ पूजन कार्यक्रम में



उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को गायों की सानिध्यता बाल्यावस्था में प्राप्त हुई थी।इसीलिए उनका नाम गोबिंद व गोपाल पढा।इस मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष भज्जू राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गायो का विशेष महत्व है।गाय भारतीय जीवन पद्धति की आधारशिला है।स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गाय की सेवा व उपासना कर जनसामान्य के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है।

# पुलिस थाना पिछोर ने नाबालिग भांजी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी मामा को दबोच कर भेजा जेल

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पिछोर थाना की टीम ने नाबालिग भांजी का अपहरण कर दुष्कर्म कर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल । पुलिस थाना पिछोर में दिनांक 24/10/22 को फरियादिया निवासी ग्राम भितरगंवा थाना पिछोर ने रिपोर्ट की कि उसकी पुत्री उम्र 17 वर्ष 3 माह को उसका मामा मोटरसाइकिल से बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया ।पुलिस थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 653/22 धारा 363 आईपीसी का पंजीबद्ध किया गया ।दिनांक जो 2/11/22 को नाबालिग लड़की को तालबेहट से बरामद किया लड़की ने बताया कि उसके साथ मामा ने तालबेहट ले जाकर दुष्कर्म किया व मंदिर में शादी भी की । प्रकरण में धारा 366 ,376 आईपीसी व 5/6 पोक्सो एक्ट का भी इजाफा किया गया ।आज पुलिस थाना पिछोर की टीम ने आरोपी को हरीनगर से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की । आरोपी रमेश जाटव निवासी तालबेहट को कोर्ट में पेश किया । उसे जेल भेजा । थाना पिछोर की टीम में एसआई नितिन भार्गव चेतन शर्मा भावना राठौर ,एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, इंदल सिंह भदौरिया, आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर ,मांगीलाल गुर्जर, खंडे राव ,हीरा मोर्य व प्रदीप कौरव की मुख्य भूमिका रही।





# नाबालिक लड़की से हुए दुष्कर्म के पश्चात पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह

**रिपोर्टर -प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजली टुडे**

**गुना ।** खेरखेड़ी में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के बाद चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह खेरखेड़ी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन इस घटना के बाद नगर वासियों में भी काफी आक्रोश देखने को मिला था।और मधुसुदनगढ़ के मुख्य चौराहे पर भी करीब चार घंटे धरना प्रदर्शन किया गया था।इसी क्रम में आज चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह खेरखेड़ीं गांव पहुंचे और इस दौरान चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह के साथ कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष खेमराज नेगी,प्रदीप शर्मा (यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधी) प्रीतम प्रजापति (शिक्षा विभाग विधायक प्रतिनिधि) राजेंद्र सिंह बासखेड़ी (सरपंच) दशरथ राव,भीकम सिंह (भाई जी) बाबू मीना एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़घेलमाल में प्राचार्य नरेंद्र कुमार टंडन जी को दी गई विदाई

**संवाददाता हेमचंद नागेश पुष्पांजली टुडे**

**गरियाबंद** जिला मैनपुर विकासखंड नवीन तहसील कोर्ट अमलीपदर क्षेत्र ग्राम मुड़घेल माल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेंद्र कुमार टंडन जी को पुष्प हार गुलाल कर सम्मानित के साथ विदाई दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री संत कुमार यादव ने प्राचार्य नरेंद्र कुमार टंडन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यक्षमता से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिली है। साथ ही शिक्षकों ने भी उनकी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उपहार भेंट किया। वही स्कूल के छात्र छात्राएं ने नाम आंखों के साथ प्राचार्य नरेंद्र कुमार टंडन जी को विदाई दी एवं उनकी कामकाज की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री संत कुमार यादव शिक्षक संजय साहू ,संदीप कुमार पांडे, सूर्य प्रकाश केसवानी, हरीश चक्रधारी, श्रीमती किरण साहू, साची अधिराव, ममता तिवारी टीकचंद यादव (भृत्य) खेमराज सिन्हा (भृत्य) गुनधर बघेल (स्वीपर)एवं गांव के ग्रामीण पवन लाल जगत, टेकधर ध्रुवा, पदमा बाई ध्रुवा, पुरिताराम ध्रुवा , बनीराम, रूपधर , भूपेंद्र कुमार, छत्तर सिंह ,गबरु लाल गोरे नाथ, बलराम यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।





# नरवर में बेटियों, खूब पढो-आगे बढो लाडली 2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रवेशित लाडली बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम विकासखण्ड स्तर पर वार्ड क्रमांक 15 नरवर के आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लाडली हितग्राही बालिकाओं एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विभाग प्रमुख श्री रविरमन पाराशर द्वारा उपस्थित लाडली बालिकाओं का फूलमाला अर्पण कर स्वागत वंदन किया तथा लाडली 2.0 के नवीन स्वरूप से सभी को अवगत कराया।




श्री पाराशर द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप लाडली लक्ष्मी योजना के नवीन स्वरूप लाडली 2.0 अंतर्गत स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम (न्यूनतम अवधि 2 वर्ष) में प्रवेश लेने पर पूर्व में आश्वासित राशि के अतिरिक्त 25 हजार रूपये दो किश्तों में भुगतान किया जायेगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पदमा संदीप माहेश्वरी द्वारा अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास उज्वल एवं सुरक्षित भविष्य हेतु शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना की आत्मीय प्रशंसा की तथा उच्च शिक्षा हेतु लाडली 2.0 को लागू किये जाने हेतु मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रेषित किया।

श्रीमती उषा बृजेन्द्र गुर्जर ने अपने संबोधन में लाडली लक्ष्मी योजना द्वारा बालिका चौतरफा विकास में मुख्य भूमिका को सराहा। कु. वर्षा रावत द्वारा मंच से अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे बालिका को कमजोर आर्थिक पारिवारिक परिस्थितियों के कारण पढाई को बीच में छोड़ना पड़ता था जिससे योग्य होते हुए भी उनके सपने अधूरे रह जाते थे। लाडली लक्ष्मी योजना एवं लाडली 2.0 के कारण अब किसी बालिका को अपने सपनों के साथ समझौता नहीं करना पड़ेगा तथा वह अपने सपनों की उड़ान को भरते हुए समाज में एक मुकाम हासिल कर प्रदेश एवं देश के विकास में अहम किरदार अदा कर पायेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल से प्रसारित संबोधन का लाभ लाइव प्रसारित कर दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद नरवर के अध्यक्ष श्रीमती पदमा संदीप माहेश्वरी, नगर परिषद नरवर के उपाध्यक्ष श्रीमती उषा बृजेन्द्र गुर्जर, महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष कु. वर्षा रावत, जनपद पंचायत नरवर के श्री विनीत भारद्वाज, श्री बृजमोहन कोली, श्रीमती अर्चना महाजन, श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, श्रीमती श्यामा सेंगर आदि सहित स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, स्थानीय लाडली बालिकाएं, उनके पालक एवं जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## थाना पिछोर पुलिस ने भाभी के साथ शराब पीकर मारपीट करने वाले शराबी देवर को दबोच कर भेजा जेल



**जगदीश पाल रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर ,** पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पिछोर थाना की टीम ने ग्राम बमना में शराब पीकर भाभी मीना लोधी के साथ मारपीट करने वाले शराबी देवर कल्लू उर्फ कालू राम लोधी निवासी ग्राम बमना को दबोचा। मीना लोधी ने शिकायत की थी कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है उसका देवर कल्लू उर्फ कालूराम निवासी बमना शराब पीकर आए दिन परेशान करता है झगड़ा करता है ।रिपोर्ट पर से पुलिस थाना पिछोर की टीम ने कल्लू उर्फ कालूराम लोधी को उसके घर ग्राम बमना से धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया व एडीएम कोर्ट पेश किया जहां से उसे उप जेल पिछोर भेज दिया गया है । थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक अरविंद यादव ,हिमांशु चतुर्वेदी , घनश्याम सिंह परमार, आरक्षक हीरा मोर्य, गौरव जाट खंडे राव, रूपेंद्र यादव,बचान सिंह तोमर व सैनिक बाबूलाल की मुख्य भूमिका रही।

# विधायक झूट बोलकर प्रसंसा का पात्र बनने की कोशिश न करें, जिम खेल मंत्री ने स्थापित कराई है

## पटिया वाले पार्क में लगी ओपन जिम पर घमासान शुरू भाजपा नेता राठौर ने विधायक पर बोला तीखा हमला




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भितरवार।** पटिया वाले पार्क में स्थापित ओपन जिम को लेकर घमासान शुरू हो गया है। पार्क में विधायक निधि से व्यायाम के संसाधन उपलब्ध कराए जाने की खबरें सुन भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव पर तीखा हमला बोला है। बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 7 काली माता मंदिर प्रांगण स्थित अपने कार्यालय पर भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नरवर मार्ग स्थित पटिया वाले पार्क में स्थापित की गई ओपन जिम विधायक निधि से लगबाने की बात सामने आई है। जो सरासर गलत है। श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव झूटी प्रसंसा का पात्र बनने के लिए जिम को विधायक निधि से स्थापित कराए जाने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। जबकि इस ओपन जिम की सौगात खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने दी है। उन्होंने खेल विभाग द्वारा 9 लाख 14 हजार 557 रुपये से पार्क में व्यायाम के लिए ओपन जिम स्थापित कराई है। भाजपा नेता राठौर ने विधायक पर तीखे शब्द बांडों का प्रहार करते हुए कहा कि विधायक लाखन सिंह यादव भाजपा सरकार के विकास कार्यों को अपना बताकर झूटी वाह वाही लूटते आ रहे हैं। हो सकता है। कि ओपन जिम की तरह उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा गांवों में बनवाई गई सड़कों को कागजों में अपनी निधि से बनने का नाम देकर लाखों रुपए डकार लिए हों।

श्री राठौर ने कहा कि विधायक ने 15 माह मंत्री रहते और अपनी विधायकी के कार्यकाल में कितने विकास कार्य कराए है। इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए।

### कब्बडी के लिए आई मेटस भी घर ले गए विधायक

भाजपा नेता श्री राठौर ने क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जिनमें उन्होंने बताया कि कब्बडी के खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल विभाग ने 5 लाख 23 हजार 800 रुपए की राशि के मेटस उपलब्ध कराए। जिन्हें विधायक अपने गांव पार ले गए। जहां पता किया तो उन मेट्स के दुरुपयोग की बात सामने आई। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा उन मेट्स का अपनी पार्टी के और निजी कार्यक्रमों में बिछात में उपयोग किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश जैन,जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी जाटव, वरिष्ठ भाजपा नेता रतन सिंह रावत, करेला गुरु, भीकम सिंह जाट,भाजपा नेता उदयभान सिंह रावत, कैलाश कुशवाह,अरुण राजावत आदि उपस्थित थे।

## पोरसा नगर पालिका सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा ने म.प्र स्थापना दिवस पर चलाया सफाई अभियान...



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**पोरसा...** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अंतर्गत आज दिनांक 3 नवंबर 2022 को नगर पालिका परिषद पोरसा द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सुबह 9ः00 बजे से सुबह 11ः00 बजे तक नगर की साफ सफाई की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर अनिल गुप्ता एवं बहन रेखा एवं समाजसेवी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी अध्यक्ष महोदय एवं पार्षद गण द्वारा शहर की साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया

## डॉ. मनीषा गिरी को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) द्वारा कला संकाय के हिन्दी विषय में पीएचडी की उपाधि

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) द्वारा कला संकाय के हिन्दी विषय में मनीषा गिरी को ÷स्त्री अस्मिता के सरोकार एवं 21वीं सदी का हिंदी सिनेमा ÷ शीर्षक पर किए गए उनके शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। मनीषा गिरी ने अपना शोध कार्य डॉ. शशि प्रभा पौराणिक (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग), शासकीय एम.एल.बी उत्कृष्ट महाविद्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) के मार्गदर्शन में किया है। उपाधि मिलने पर शिक्षकों व मित्रों ने उन्हें बधाई दी।

## मुणोत मुणोत को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू =** कर्नाटका रक्षण वेदिके द्वारा बापूजी नगर में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को सम्मानित करते हुए वेदिके के सदस्य मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा ÷ कर्नाटक की भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करते हुए उसके संवर्धन का प्रयास हमारा कर्तव्य होना चाहिए÷।

# इंद्रपुरी चौक स्तिथ ग्रैंडमा किचन रेस्तरां का सांसद जयंत सिन्हा ने किया उदघाटन

### हज़ारीबाग़ शहर अब रेस्टुरेंट हब के रूप में हो रहा है विकसित : जयंत सिन्हा

### इंद्रपुरी चौक में ग्रैंड माँ किचन रेस्टोरेंट खुलने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा : मेयर



**हजारीबाग** ः– हज़ारीबाग़ शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित ग्रैंडमा किचन रेस्तरां का उद्घाटन हजारीबाग लोकसभा सांसद माननीय जयंत सिंहा ने उद्घाटन किया । आज बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने रेस्तरां का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किये। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग़ शहर अब होटल और रेस्टुरेंट हब के रूप में विकसित हो रहा है , ऐसे में एक औऱ नए बेहतरीन नक्कासी और आराम के स्पेस में वेज - नॉन वेज लजीज़ व्यंजन के साथ खुलने से लोगों का इसका लाभ मिलेगा । इस रेस्टोरेंट को आकर्षक रूप से भी सजाया गया है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की ने कहा कि हजारीबाग के हृदय स्थली चौक में इस तरह का रेस्टोरेंट खुलने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। यह रेस्टोरेंट में ग्राहकों के सुविधा के लिए आराम देह टेबल के साथ कई सोफे और आरामदेह डाइनिंग टेबल के अलावे कई लाइटिंग टेबल बनाएं गए हैं । विशेषकर इस रेस्टोरेंट की खासियत यह है कि इस बिल्डिंग के रेस्टोरेंट में लिफ्ट की सुविधा के साथ एयरकंडीशनर की भी विशेष सुविधा दिया गया है। जहां लोग परिवार और दोस्तों के साथ इंडियन, साउथ, चाइनीज व्यंजनों के अलावा वेज - नॉन वेज के साथ स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद ले सकेंगे।

होटल संचालक अरुनिष अभिषेक व ऋषभ अभिषेक ने बताया कि यह रेस्टोरेंट इंद्रपुरी चौक स्थित शिव शॉपिंग सेंटर के तीसरे तल्ले पर यह रेस्टोरेंट को खोला गया है , इस रेस्टुरेंट में जाने के लिए ग्राहकों को लिफ्ट की भी सुविधा दिया गया है । उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक माहौल में गुणवत्तापूर्ण भोजन और स्नेक्स का आनंद ले सकेंगे। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री व नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की , रेणुका कुमारी, सत्यभामा , राकेश गुप्ता मोहम्मद खालिद , के साथ परिवार के सदस्य संतोष सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, अशोक सिन्हा, मनोज सिन्हा, स्वप्निल अभिषेक, अरुनिष अभिषेक , नवीन वर्मा , ऋषिका , तन्नू , कृष्णा पाण्डेय, सुनील गुप्ता, सुनील अग्रवाल, दिलीप कुमार राय व मोहित कुमार इस ख़ास मौके पर उपस्थित थे।

# भाजपा पाली जिला परिवार दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नरेश कुमार सिरवी**
**पुष्पांजली टुडे**



**राजस्थान पाली।** भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आज लाखोटिया उद्यान के सामने ओम लोहा उद्योग स्थित फार्म हाउस पर आयोजित हुआ जिसमें जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार व पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद पीपी चौधरी तथा जिला प्रमुख रश्मि सिंह जी पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे विधायक ज्ञानचंद पारख विधायक अविनाश गहलोत विधायक शोभा चौहान विधायक जोराराम कुमावत सभापति रेखा राकेश भाटी महामंत्री सुनील भंडारी मोहन जाट जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी नरपत सिंह महावीर सिंह निशांत दवे सुरेश चौधरी तिलोक चौधरी सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी सहित पूरे जिले से नगर पालिका अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष सभी प्रधान जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य पार्षद व भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि पदेश मे राज्य की सरकार पूरी तरीके से विफल है तथा प्रदेश में युवाओं के साथ आमजन के साथ तथा विशेष तौर पर महिलाओं के साथ सभी के साथ अन्याय हो रहा है सरकार की विफलता को आमजन तक पहुंचा कर सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की संगठन मे ही शक्ति है भा ज पा का कार्यकर्ता सेवा भावी व आमजन के सहयोग के लिए हमेशा लगा रहता है अध्यक्ष मंसाराम परमार ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है तथा कार्यकर्ता ही हर अवसर पर पार्टी के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े रहते हैं तथा आमजन में के साथ सभी कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम को पार्टी का कार्यकर्ता पदाधिकारी समय पर पूरा करता है तथा भविष्य में भी आने वाली चुनौतियों को के लिए कार्यकर्ता तैयार है कार्यकर्ता सम्मेलन को विधायक ज्ञानचंद पारख शोभा चौहान अविनाश गहलोत जोराराम कुमावत ने भी संबोधित किया इस अवसर पर इस अवसर पर भारी तादाद में सैकड़ों की संख्या में जनता पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत नवांकुर समिति ने कराया कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**




**बालाघाट** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत 1 नवंबर से 6 नवंबर के मध्य जगह जगह पर शासकीय संस्थानों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड लांजी अंतर्गत नवांकुर संस्था सावरीकला के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में पंचायत के सहयोग से रंगोली प्रतियोगिता, शासकीय माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ तथा आंगनवाड़ी केन्द्र में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा देशमुख, द्वितीय स्थान रसिका सोनवाने और तृतीय स्थान रेशमी पटले ने हासिल किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में प्राची रहांगडाले तथा प्रणाली रहांगडाले एवं कुर्सी दौड़ में विद्या देशमुख, सलोनी ठाकरे ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया । सभी प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था के सहयोग से उपस्थित अतिथियों के द्वारा राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच ओंमकार बाबा रहांगडाले, उपसरपंच भोजराज देशमुख, पंच उत्तमलाल हरिनखेडे, धनपाल पटेल, स्वच्छताग्राही रविप्रकाश गौतम, सचिव दिलीप मडामें, सहायक सचिव कपूरचंद गौतम, मेट ओमकार पटेल, प्रधान पाठक मेहतर खोबरागडे शिक्षक अशोक मंसुरे, भोजलाल जगने, बिसेन मैडम, ठाकरे मैडम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गिरजा ठाकरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्रीबाई डोंगरे एवं सहायिका अंबिका ठाकरे, छोटेलाल गौतम और नवांकुर संस्था सावरीकला से मुनेश पटेल, रविप्रकाश गौतम, पवन बघेले , प्रदीप ठाकरे, श्यामचरण पारधी उपस्थित रहे। वहीं रविप्रकाश गौतम ने बताया कि आगे अन्य ग्रामों में भी नवांकुर संस्था के द्वारा छात्रों के उत्साह एवं प्रतिभा को बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं के विश्वास पर मैं अपने दायित्व का पूर्ण रूप से कर्तव्य,निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा ः देवेन्द्र सिंह नरवरिया

### भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पत्रकारवार्ता में कहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के नवयुक्त जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह नरवरिया ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है,वो ही हमारी पूंजी है। बूथ केन्द्रों पर पूर्ण कर्तव्य और निष्ठा,पराकाष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए भारतीय जनसंघ के प्रेरणास्त्रोत पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की विचारधारा को लेकर सर्वसमाज को साथ, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास इस विचारधारा को लेकर काम करते है। मिशन-2023 विधानसभा एवं 2024 लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी भिण्ड जिले के 26 मण्डलों के 1480 मतदान केन्द्रों पर संगठनात्मक ढ़ांचे को मजबूती देते हुए जिले की पांचों विधानसभा में भाजपा का परचम फहराकर पुनः हम सत्ता में वापिसी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने देश-प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपनी विकास जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहे है। यह उद्गार उन्होंनें भिण्ड सर्किट हाउस पर पत्रकारवार्ता के माध्यम से रूबरू होते हुए कहीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री धीर सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा, विशेष रूप से मौजूद थे द्य

## श्रीमती नड्डा श्रीमती प्रधान का डॉ विवेक मिश्रा सुकर्ण मिश्रा के नेतृत्व में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**दतिया।** अल्प प्रवास पर दतिया पहुंची डॉ मल्लिका नड्डा और श्रीमती मृदुला प्रधान श्री पीताम्बरा पीठ पहुंचकर किये मां बगुलामुखी के दर्शन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी है डॉ मल्लिका नड्डा और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पत्नी है मृदुला प्रधान दतिया आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा और भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा के गोराघाट पर कार्यकर्ताओं के सैलाब के साथ अगवानी की और भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी पुष्प वर्षा कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया स्वागत गोराघाट से दतिया तक अनेक स्थानों पर हुआ स्थानों पर स्वागत स्वागत में भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय भांडेर विधायक श्रीमती रक्षा सिरोनिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी धीरू दांगी प्रशांत ढेंगुला बृजेश यादव बलदाऊ यादव योगेश सक्सेना मानसिंह कुशवाहा किरण गुप्ता गौरव दांगी श्रीमती ज्योति दुबे जौली शुक्ला अक्कू दुबे रिंकू दुबे अंकित शर्मा रिंकू बुंदेला पंकज गुप्ता प्रवीण पाठक संतोष कटारे हरिओम यादव मीनाक्षी कटारे क्रांति राय राहुल पुरोहित गोलू यादव संघर्ष यादव रघुवीर कुशवाहा विवेक सिरोठिया इकबाल खान कैलाश बघेल अंजू शर्मा विनोद कुशवाह शादाब खान शिवम तिवारी भूरे राय मंगल यादव टेलू यादव कौशल यादव रवि जाटव विनोद अहिरवार राजेंद्र अहिरवार लल्ला रजक सत्यम पंडा आकाश भार्गव सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे

## थाना गोहद चौराहा पुलिस का नशा मुक्ति अभियान तथा हेलमेट अभियान जारी

### यसटीआर विद्यालय गोहद चौराहा पर थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा उप निरीक्षक उपेन्द्र धाकड़ ने किया छात्र छात्राओं से संवाद

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार जी के निर्देशन में लगातार



थाना गोहद चौराहा द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसी कड़ी में आज थाना गोहद चौराहा की टीम यस टी आर विद्यालय गोहद चौराहे पर पहुंची ।छात्र छात्राओं को पुलिस संगठन तथा पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया वही डायल हंड्रेड सेवा ,108 मेडिकल इमरजेंसी , महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करा, नशा नहीं करने, परिजनों को नशे से दूर रखने, हेलमेट पहन कर वाहन चलाने के लिए किया प्रेरित ।यस टी आर विद्यालय के छात्र छात्राओं ,स्टाफ के साथ गोहद चोराहा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान , हेलमेट अभियान के तहत रैली निकाल कर लोगो को किया जागरूक । थाना प्रभारी गोहद चोराहा रविंद्र शर्मा और गोहद चोराहा की आम जनता का नारा नशा मुक्त हो क्षेत्र हमारा ।

## धर्म की स्थापना के लिए होता है भगवान का अवतार ।। आचार्य विष्णु दत्त शास्त्री द्य

**संतोष सिंह भदोरिया दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** /गोरमी नगर के मां वैष्णो मैरिज गार्डन में चौधरी परिवार दुआरा आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन महामंडलेश्वर आचार्य विष्णु दत्त शास्त्री ने कहा जब जब धर्म की हानि होती है रावण जैसे आतंकवादी का अत्याचार बढ़ता है जब रावण संत ब्राह्मण पृथ्वी गौ माता को कष्ट देता है तब तब भगवान



मनुष्य रूप में प्रकट होते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं भगवान जो बाल लीलाएं करते हैं वह भक्तों को आनंद देती हैं संत महात्मा उन्हीं लीलाओं का चिंतन करते हुए अपनी साधना में रत रहते हैं भगवान की परम कृपा है की वह भारत की भूमि में ही केवल जन्म लेते हैं इसलिए भारत की भूमि धन्य है जिस भूमि पर भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ है वह भूमि प्रत्येक हिंदू के लिए श्रद्धा का केंद्र है यहां के कण-कण में भगवान श्री कृष्ण विराजमान है कथा के दौरान कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया शास्त्री जी ने आगे कहाँ की जीवन मे कभी मदिरापन नही करना चाहिए। क्योंकि मदिरापान करना ब्राह्मण हत्या से भी बड़ा पाप है। यदि माता-पिता को नहीं मानता जो साधुओं से सेवा करता है वही आजकल राक्षस के समान है भागवत कथा के अंत मे भव्य भागवत आरती हुई उसके बाद संत भंडारा हुआ।भागवत कथा में मुख्य रूप से कथा यजमान रामसिया चौधरी ओम प्रकाश चौधरी मुकेश चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक रामजीलाल थापक पप्पू थापक साहित आस पास के हजारों भक्त एबम संतजन मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में ग्वालियर को मिले पांच पदक, एलेना और देवांश को मिली दोहरी सफलता

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**




**ग्वालियर।** दिनांक 2 नवंबर 2022 को भोपाल में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में ग्वालियर को एक रजत तथा 4 कांस्य पदक मिले। रिदमिक में जूनियर बालिका वर्ग में पदमा विद्यालय की छात्रा सैय्यद एलेना तथा सीनियर बालिका में मॉडल डीडी नगर सीएम राइस की अलका कौरव को कांस्य पदक तथा आर्टिस्टिक प्रतियोगिता में मिनी बालक वर्ग में गोरखी के देवांश ओझा को रजत पदक मिला। जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने बताया कि योगासन प्रतियोगिता में मिनी बालक में देवांश ओझा और जूनियर बालिका में सैय्यद एलेना कांस्य पदक मिला। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने सभी विजई प्रतिभागियों के साथ साथ टीम के कोच श्री हेमंत त्रिवेदी, श्रीमती बिनती तिवारी तथा श्रीकांत मिश्रा को को भी सफलता के लिए बधाई दी है।

## स्वच्छता, सजावट,रंगोली पर केंद्रीत गतिविधियों का हुआ आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**




**बालाघाट** विकासखण्ड में 1 से 7 नवंबर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के तहत विविध रचनात?मक गतिविधियां और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नवंबर के प्रथम सप्ताह में प्रत्येक दिवस के लिए पृथक-पृथक विषयों पर आयोजन किए जा रहे हैं इसी परिप्रेक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में माध्यमिक विभाग की कक्षा आठवीं की छात्राओं के द्वारा म.प्र.स?थापना दिवस समारोह के तहत तीन नवम?बर को स?वच?छता, सजावट, रंगोली केंद्रीत गतिविधियों का आयोजन किया गया है। साथ ही स्कूलपरिसर, महापुरूषों की प्रतिमाओं आदि की साफ-सफाई की गतिविधियां आयोजित की गई है। छात्राओं के द्वारा सेव गर्ल, सेव टाइगर, सेव वाटर और सेव अर्थ थीम पर आधारित रंगोली बनाकर सभी को बचाने और सुरक्षित करने का संदेश दिया है। सामूहिक रंगोली का आयोजन प्रधानपाठक आर एल हनोते सर के दिशा निर्देशों पर शिक्षक रवि गरूडे और अतिथि शिक्षक रितेश कटरे के मार्गदर्शन में कक्षा आठवीं की छात्रा कशिश मड़ामे, अंतरा रहांगडाले, नुपूर गोस्वामी, उमंग पटले, कंचना रणदिवे, दीप्ति लिल्हारे, अंजू कबिरे,कुंदाली समरिते, रानी भौतिक, काव्या एड़े, प्राची पटले, हिमानी रणदिवे, हिमानी एड़े, मोहिनी बिसेन, सलोनी एड़े,श्रद्धा पटले, करीमा नारनौरे एवं अन्य छात्राओं ने रंगोली में मध्यप्रदेश के मानचित्र के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने और बचाने का संदेश देते हुए रंगोली बनाई है। आगे 6 नवम?बर तक विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं सेड्यूल के साथ आयोजित की जावेगी।

## एक शाम कुलदेवी के नाम भजन संध्या का आयोजन

**नारायण लाल ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**



**मैसूरु.** घाँची समाज मैसूरु के तत्वावधान में समस्त बोराणा परिवार की कुलदेवी नामा माता के नाम भजन संध्या का आयोजन घाँची सामाज भवन में रखा गया द्य सर्वप्रथम कुलदेवी नामा माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई द्य भजनकार राजू भाई कुमावत द्वारा गणेश वंदना के साथ धर्म सभा का शुभारंभ किया द्य बाद में एक से बढ़कर एक राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर धर्मसभा को भक्तिमय बनाया द्य भजनों का दौर देर रात तक चलता रहा द्य मायड़ भाषा में भजन सुन भक्त भाव विभोर होते हुए देर रात तक थिरकते रहे द्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे लिए

तानसेन समारोह 2022

# 18 से 23 दिसम्बर तक होगा राष्ट्रीय तानसेन समारोह

## तानसेन समारोह को और भव्यता प्रदान करें : मंत्री प्रद्युम्मन सिंह तोमर

### शास्त्रीय संगीत का देश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह संगीत की नगरी

### तानसेन सम्मान एवं राजा मानसिंह तोमर अलंकरण भी प्रदान किए जायेंगे

### ऊर्जा मंत्री की मौजूदगी एवं संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में हुई स्थानीय समिति की बैठक

ग्वालियर। गौरवमयी तानसेन समारोह को और भव्यता प्रदान करें। साथ ही इस समारोह को जनता की सहभागिता के साथ आयोजित करें। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने तानसेन समारोह की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित हुई स्थानीय समिति की बैठक में तानसेन समारोह के आयोजन से जुड़े अधिकारियों से कही। तानसेन समारोह की स्थानीय समिति की बैठक गुरूवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की विशेष मौजूदगी एवं संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव 'तानसेन समारोह' संगीत की नगरी ग्वालियर में इस साल 18 से 23 दिसम्बर तक आयोजित होगा। यह सालाना समारोह भारतीय संगीत की अनादि परंपरा के श्रेष्ठ कला मनीषी संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि व स्वरांजलि देने के लिये पिछले 97 साल से आयोजित हो रहा है। इस साल के तानसेन समारोह में मूर्धन्य कलाकारों को राष्ट्रीय तानसेन सम्मान एवं राजा मानसिंह तोमर अलंकरण भी प्रदान किए जायेंगे।

संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने बैठक में उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक से कहा कि पर्यटन विभाग से समन्वय बनाकर तानसेन समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा यू-ट्यूब सहित सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों का उपयोग कर देश व दुनियाभर में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएँ, जिससे दुनियाभर के संगीत रसिक इस महोत्सव का आनंद ले सकें। साथ ही ग्वालियर के पर्यटन को बड़ावा मिले। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तानसेन समारोह की सभी व्यवस्थायें उच्च कोटि की एवं समारोह की गरिमा के अनुरूप हों।

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि वायुयानों एवं प्रमुख रेलगाड़ियों में तानसेन समारोह पर केन्द्रित ब्रॉसर रखवाएँ, जिससे देश भर के कला रसिक ग्वालियर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय तानसेन समारोह से जुड़ सकें। उन्होंने बैठक में भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन से तानसेन समारोह के आयोजन में पूर्ण सहयोग मिलेगा।



#### पूर्व संध्या पर कला यात्रा और 'गमक' का अयोजन

संस्कृति विभाग की उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के उप निदेशक राहुल रस्तोगी ने बताया कि तानसेन समारोह की पूर्व संध्या यानि 18 दिसम्बर को ग्वालियर के ऐतिहासिक किलागेट से कला यात्रा निकलेगी। इस कला यात्रा में लोक कलाकार रंगारंग प्रस्तुतियाँ देते हुए ÷गमक÷ आयोजन स्थल पहुँचेंगे। उन्होंने बताया कि हजीरा चौराहे के समीप स्थित इंटक मैदान में उप शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम ÷पूर्वरंग÷ गमक होगा। जिसमें हर साल की भाँति देश के सुविख्यात कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

#### कुल 9 संगीत सभायें होंगीं

उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के उप निदेशक श्री राहुल रस्तोगी ने बताया कि तानसेन समारोह का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से 19 दिसम्बर को प्रात:काल तानसेन समाधि स्थल पर हरिकथा, मिलाद, शहनाई वादन व चादरपोशी के साथ होगा। 19 दिसम्बर को सायंकाल 6 बजे तानसेन एवं राजा मानसिंह तोमर अलंकरण समारोह और पहली संगीत सभा आयोजित होगी। इस बार के समारोह में कुल 9 संगीत सभायें होंगी। पहली 7 संगीत सभायें सुर सम्राट तानसेन की समाधि एवं मोहम्मद गौस के मकबरा परिसर में भव्य एवं आकर्षक मंच पर सजेंगीं। समारोह की आठवीं सभा 23 दिसम्बर को सुर सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में और नौवीं एवं आखिरी संगीत संभा ग्वालियर किले पर गूजरी महल परिसर में आयोजित होगी। समारोह की प्रात:कालीन सभा हर दिन प्रात: 10 बजे और सांध्यकालीन सभा सायंकाल 6 बजे शुरू होंगीं।

#### गूजरी महल में भी गूँजेंगी स्वर लहरियाँ

इस साल के तानसेन संगीत समारोह की अंतिम संगीत सभा किला परिसर में होगी। यह सभा शास्त्रीय संगीत के महान पोषक राजा मानसिंह तोमर की प्रेयसी मृगनयनी के नाम से बने गूजरी महल परिसर में सजेगी। यह सभा महिला संगीतकारों पर केन्द्रित रहेगी अर्थात सभा में सभी महिला कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होंगीं।

# 117 दिन के बाद आज योग निद्रा से जागेंगे देव

### 117 दिन के बाद आज योग निद्रा से जागेंगे देव

### शीषौदय लग्न मिथुन में उठेंगे देव

### सूर्य और शुक्र की स्थिति सही नहीं होने के कारण देव प्रबोधिनी एकादशी पर नहीं गूंजेंगी शहनाई

ग्वालियर। 4 महीने के शयन के बाद जगत के पालनहार भगवान श्री हरि आज जागेंगे। इसी के साथ विवाह तथा मांगलिक कार्यो का आयोजन का सिलसिला शुरू होगा। लेकिन इस बार देवउठनी ग्यारस पर सामान्य अबुझ मुहूर्त होने से तथा लोक परंपरा के आधार पर कहीं-कहीं सामाजिक विवाह समारोह ही हो सकेंगे। जनसाधारण के लिए विशेष विवाह मुहूर्त देवउठनी एकादशी से शुरू नहीं होंगे। क्योंकि इस बार देवउठनी एकादशी के दिन शुक्र तारा अस्त चल रहा है। जो 23 नवंबर को पश्चिम में उदय होने के उपरांत ही शादियों के विशेष मुहूर्त प्रारंभ हो सकेंगे।



बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य डॉ. सतीश सोनी के अनुसार देवउठनी एकादशी के बाद भी मांगलिक कार्यों के लिए इस बार इंतजार करना होगा। शुक्र अस्त होने के कारण विवाह व मांगलिक कार्यों का श्रीगणेश 24 नवंबर के बाद ही होगा। देवोत्थान एकादशी को भगवान विष्णु 4 माह की योगनिद्रा से जागेंगे, और तुलसी विवाह प्रति आत्मक संपन्न होगा। भगवान के विवाह की तिथि होने की वजह से स्थिति को अबूझ मुहूर्त माना गया है। सूर्य और शुक्र की स्थिति सही नहीं होने के कारण विवाह के मुहूर्त नहीं बन रहे हैं। क्योंकि शुक्र विवाह का कारक ग्रह माना जाता है। देव उत्थान एकादशी के बाद भी शुक्र अस्त होने के कारण विवाह मांगलिक कार्यों का कोई शुभ मुहूर्त नहीं मिल रहा है। ग्रहों की गणना के अनुसार 23 नवंबर को शुक्र का उदय होने के बाद विवाहिक कार्यक्रम अन्य धार्मिक आयोजन हो सकेंगे। और वही विवाह का अंतिम शुभ मुहूर्त दिसंबर 14 तक रहेगा। इसके बाद 16 से सूर्य धनु राशि में प्रवेश करने से मलमास प्रारंभ होगा ।जिसके कारण 1 माह के लिए मांगलिक कार्यो पर पुनः विराम लग जाएगा।

श्री सोनी ने बताया आज देवउठनी एकादशी के पूजन का शुभ मुहूर्त मिथुन लग्न में रात्रि 8ः26 से 10ः37 तक रहेगा। शीषौदय लग्न मिथुन का स्वामी बुध ग्रह विष्णु स्वरूप है। विष्णु भगवान की प्रधानता होने के कारण शीषौ दय लग्न मिथुन में पूजा करना विशेष शुभ फलदाई माना जाता है। जिसके फलस्वरूप परिवार में अति शीघ्र ही पुत्रभिलाशियों को संतान की प्राप्ति होती है। विवाह योग्य युवक-युवतियों के शीघ्र विवाह होते हैं।

#### विवाह के लिए शुभ मांगलिक मुहूर्त

नवंबर 2022 -26, 27, 28
दिसंबर 2022- 2,7,8,9 ,14,
जनवरी 2023 - 25, 26, 30
फरवरी 2023- 9,10, 15, 16, 22
मार्च 2023- 8,9

## भ्रूण हत्या करने वाली मां पूतना के समान : शास्त्री



ग्वालियर। सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने लिगानुपात में असंतुलन तथा गोसंवर्धन पर विचार दिए। कहा गर्भ में भ्रूण हत्या करने वाली मां किसी पूतना से कम नहीं। जिस सनातन प्रेमी घर में सिर्फ गाय के घी से पूजा का संकल्प लेंगे प्रयोग करेंगे उस दिन गौ संरक्षण का कार्य भी स्वत हो जाएगा। हैदरगंज मामा का बाजार सोलंकी धर्मशाला स्थल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथाज्ञान यज्ञ में पांचवे दिन कथाव्यास ने कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। व्यास ने कहा आज भी समाज मे पूतना मौजूद है। बेटियों की गर्भ में हत्या करने वाली मां भी किसी पूतना से कम नही। कभी भी व्यक्ति का सम्माम नही होता, उसकर ज्ञान संस्कारों ही पूजित है। कथा में कृष्ण जन्म, नंदोत्सव, महादेव का कृष्ण के बाल रूप का दर्शन, पूतना उद्धार, गोपी ज्ञान, मख्खन चोरी लीला की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। आचार्य पं.घनश्याम शास्त्री ने जीवन मे शिक्षा,संस्कार, धर्म के बिन जीवन पशुओं की तरह ही है। इस मौके पर परीक्षित श्रीमती कमला शिवनाथ चौहान शिव बर्तन हाउस, एफबी किंग संजीव शर्मा,दीपक श्रीवास्तव,अंकुर श्रीवास्तव,हरिओम शर्मा,सचिन पंडित जी,संजय कौरव रामू राजोरिया ने भागवत भगवान जी के आरती उतारी।

## खेत घर और प्लॉट पर टॉवर लगाने का झांसा देकर लाखों ठगे, गैंग पकड़ी

### पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल, एक लेपटॉप, एक एटीएम कार्ड एवं 26 हजार 300 रूपये नगद किये जप्त



ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस ने लोगों को फोन पर मोबाइल टॉवर लगाने का झांसा देने वाले दो शातिर ठगों को पटना से गिरफ्तार किया है। सोनू-मोनू नाम के इन दो ठगों ने हजीरा थाना क्षेत्र के वैष्णो पुरम में रहने वाले रामनरेश प्रजापति को मोबाइल टॉवर लगाने का झांसा देकर 28 लाख रुपए ठगे थे। सोनू-मोनू की इस ठग गैंग ने उत्तराखंड और राजस्थान के लोगों को भी ठगा है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दिनों ठगों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए आठ दिन के रिमांड लिया है।

**यह है पूरा मामला**

हजीरा थाने के सीएसपी रवि भदौरिया ने बताया कि यह ठग गैंग मूल रूप से पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र की रहने वाली है। ये लोग अलग-अलग राज्यों के शहरों में अखबारों में मोबाइल टॉवर लगाने की कंपनी चलाने का विज्ञापन देते हैं। इन्होंने अपनी कंपनी का नाम हिंदुस्तान टावर प्लांट रखा है। इनका विज्ञापन पढ़कर वैष्णोपुरम में रहने वाले रामनरेश प्रजापति ने इनसे संपर्क किया। वहां से कहा गया कि उनकी कंपनी को जमीन पसंद आ गई है। अब उन्हें 45 लाख रुपए एकमुश्त दिए जाएंगे। इसके साथ ही 90 हजार रुपए प्रति माह किराया और परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। बदले में रामनरेश को रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर दो हजार रुपए ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा गया।

कुछ दिन बाद तक जब 45 लाख रुपए नहीं आए तो रामनरेश ने सोनू- मोनू को कॉल किया तो ठगों ने रामनरेश से कहा कि रकम बहुत बड़ी है। वे अलग-अलग बैंक खातों की पासबुक , एटीएम कार्ड और बैंक खाते से कनेक्ट मोबाइल नंबरों की सिम कोरियर कर दें। रामनरेश ने ऐसा कर दिया। फिर कुछ दिनों बाद ठगों ने रामनरेश को पहले दो लाख रुपए , फिर 6 लाख रुपए और फिर इसी तरह अलग-अलग टुकड़ों में कुल 28 लाख रुपए अपने खातों में जमा करा लिए। इसके बाद कहा कि वे अपने बैंक खाते की चेकबुक लेकर बैंगलोर पहुंचें , जहां पर कंपनी का मुख्यालय है। रामनरेश बैंगलोर के बताए पते पर पहुंचे तो वहां पर कोई कंपनी नहीं मिली। तब रामनरेश को पता चला कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है।

**8 दिन की रिमांड पर लिया पूछताछ में जुटी पुलिस**

तब उन्होंने हजीरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल , लैपटॉप , एटीएम कार्ड और 26 हजार रुपए नगद मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों ठगों को कोर्ट में पेश कर 8 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में पकड़े गए थे उनके द्वारा शहर में ठगे गए और भी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

## व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है : ब्रह्मचारी भैय्या

### विधान में इंद्रो ने समोशरण में भगवान जीनेद्र को तीसरे दिन 32 महाआर्घ्य समर्पित करें

ग्वालियर। पुरुषार्थ और भाग्य को बदलने का नाम धर्म है। पुरुषार्थ व धर्म के द्वारा संतों, भगवंतों की आराधना से कर्मों की मारी मैना सुंदरी नारी को अपने पति को कुष्ठ रोग दूर कर श्रीपाल की काया को कंचन के समान बना दिया और अपने पिता के अभिशाप को दूर कर दिया। मैना सुंदरी की भक्ति ही थी, जिसने कई लोगों को कोड़ से मुक्त कर दिया। इससे सीख मिलती है कि व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है। यदि वास्तव में मैना सुंदरी की तरह हर व्यक्ति को भगवान के ऊपर ऐसी श्रद्धा भक्ति हो जाए, तो बड़े से बड़ा बिमारी भी ठीक हो जाए। यह बात बाल ब्रह्मचारी अंशु भैय्या आज तीसरे दिन गुरुवार को उपग्वालियर लोहमंडी लाल गोकुलचंद जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।



ब्रह्मचारी भैया ने कहा कि हमें आठ गुणों की प्राप्ति व आठ कर्मों के नाश के लिए सिद्ध परमेष्ठी के आठ गुणों की आराधना करना चाहिए। सिद्धचक्र आराधना हमें संसार चक्र को समाप्त कर सिद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। हम आज दुकान, मकान परिवार के चक्कर लगाते हैं, परंतु संतों, भगवतों से ज्ञान दर्शन और चरित्र पाने उनके चक्कर नहीं लगाते। अगर हमने पाप कर्मों को करने में समय बर्बाद कर दिया तो हम धन चक्कर बन जाएंगे। हमें धर्म के चक्कर लगाकर धर्म को भीतर बसाने का प्रयास करना है। मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अभिलाश जैन, राहुल जैन, मनीष जैन, अमित जैन, अलोक जैन, राजुल जैन मौजूद थे।

#### इंद्रो ने कलशों की जलधार से भगवान का अभिषेक के साथ शांतिधार की

सिद्धचक्र महामंडल विधान विधानचार्य ब्रह्मचारी अंशु भैय्या ने मंत्रउच्चारण के साथ इंद्रो ने चारों कोणों पर खड़े हुए 4 इंद्रो ने चारों ओर से जिनेंद्र देव के ऊपर अभिषेक जयकारों के साथ किया। भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य मुन्नलाल सगुनचन्द्र जैन, एवं जगदीश हर्षित जैन परिवार ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनरों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेंगे : यादव

ग्वालियर। अल्प पेंशनर संस्था के संभागीय अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि संस्था के राष्ट्व्यापी कॉल के तहत देश के लगभग अस्सी लाख अल्प पेंशनरों को कम से कम 7,500 एवं महंगाई भत्ता चिकित्सा सुविधा को लेकर आज संभागीय अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव एवं संभागी महासचिव रमेश परिहार ने ईपीएफओ कार्यालय पहुंचकर संभागी कमिश्नर सरफराज खान को श्रम मंत्री एवं रोजगार मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा संभागीय अध्यक्ष यादव ने कहा कि समय रहते हुए अगर अल्प पेंशनरों को होशियारी कमेटी के आधार पर पेंशन नहीं की जाती है तो संस्था इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लगातार लड़ाई जारी रहेगी। केंद्र सरकार से अपील है कि देश के बुजुर्गो को मेहनतकश लोगों को सम्मान दो तभी देश तरक्की की राह पर जाएगा।

### मप्र दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पंजाब को 67 रन से हराया

ग्वालियर। डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कॉउंसिल ऑड़ इंडिया के तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित सरदार पटेल दिव्यांग टी-20 कप में मप्र टीम का दूसरा मैच पंजाब के खिलाफ हुआ। टॉस जीतकर मप्र ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। मप्र टीम ने 20 ओवर 7 विकेट खोकर 154 रन बनाए जिसमें सचिन सिसोदिया ने 32 रन, योगेंद्र भदौरिया ने 35 ,आकाश यादव 26 और प्रीतम सोलंकी ने 18 रनों का योगदान किया।जवाव में पंजाब 13.4 ओवर में 87 रन पर ढेर हो गयी। जिसमे गोपाल सिंह ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट, सचिन सिसोदिया ने 3 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट, शिवम् राठौर ने 2 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट लिए और अब्दुल शहजाद ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए और मप्र टीम को जीत दिलाई। गोपाल सिंह के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिये उन्हें प्लेयर ऑड़ द मैच का अवार्ड मिला। अब मप्र का अगला मैच विदर्भ से होगा।

### मध्यप्रदेश स्थापना सप्ताह के तीसरे दिवस महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण, ऐतिहासिक इमारतों को सजाया व मंदिरों में किया दीप प्रज्जवलन

ग्वालियर। मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस मध्यप्रदेश स्थापना सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस के तीसरे दिन आज शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मंदिरों व स्थानों पर दीप प्रज्जवलन तथा ऐतिहासिक इमारतों को सजाया गया। मध्यप्रदेश स्थापना सप्ताह के तीसरे दिवस प्रातः महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने गांधी उद्यान फूलबाग पर पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, पार्षद श्री सुरेन्द्र साहू, पार्षद श्री केदार बरहादिया, पार्षद श्री प्रमोद खरे, पार्षद श्री अंकित कट्ठल एवं अन्य पार्षद गण उपस्थित रहे। इसके साथ ही सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने फूलबाग स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वही नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं वार्ड 25 की पार्षद श्रीमती प्रीति संजू परमार ने वार्ड क्रमांक 27 के 7 नंबर चैराहा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वार्ड 43 में पार्षद श्री संजय सिंघल द्वारा सराफा बाजार में शहीद अमर चंद बाठिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही अन्य सभी क्षेत्रों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

**बाल भवन में बनाई आकर्षक रंगोली**

उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना सप्ताह के अंतर्गत बालभवन में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत स्थानीय कलाकारों एवं छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई।

**मंदिरों पर किया गया दीप प्रज्जवलन**

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अचलेश्वर मंदिर, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर व लक्ष्मीबाई समाधी स्थल सहित अन्य एतिहासिक इमारतों और मंदिरों की सजावट की गई तथा सायं 6:30 बजे मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, अचलेश्वर मंदिर, सूर्य मंदिर, कोटेश्वर मंदिर, टॉउन हॉल, बैजाताल एवं लक्ष्मीबाई समाधी पर दीप प्रज्जवलन किया गया।

### 850 कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

ग्वालियर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बाल भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि हमारे सफाई मित्र स्वस्थ रहेगें तभी हमारा शहर साफ व स्वच्छ रहेगा। आपकी सुविधा के लिये आज तीन जगहों पर केंप आयोजित किया गया जिसका आप ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ग्वालियर ब्रांच एवं ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग के सहयोग से नगर निगम के बाल भवन में दिनांक 3 नवंबर 2022 को दोपहर 2 बजे से निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय महापौर श्रीमती डॉ. शोभा सिंह सिकरवार और निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, आई एम ए अध्यक्ष डॉ राहुल सप्रा, सचिव डॉ ब्रजेश सिंघल, ब्रह्माकुमारीज से बी.के. प्रहलाद उपस्थित रहे । नगर निगम ग्वालियर द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मध्यप्रदेश स्थापना सप्ताह के अंतर्गत जनजागरुकता के कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478